




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 257 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 19 जून 2025 डाक 20 जून 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रोएशिया के ज़ाग्रेब पहुंचने पर भारतीय समुदाय के सदस्यों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया





**देश-विदेश**
भारत ने शुरू किया ऑपरेशन सिंधु, ईरान में फंसे 100 भारतीय स्टूडेंट्स लौटे वतन





**फीचर पेज**
फलों वाला सलाद बनाते समय इन बातों का रखें ध्यान, नहीं तो बिगड़ जाएगा स्वाद




# अब ईरान का काउंटर अटैक, इजरायल के कई शहरों में दागी मिसाइल, 1000 बेड वाला अस्पताल ध्वस्त

**दुबई, 19 जून [एजेंसी]।**

ईरान-इजराइल के बीच जंग अब तेज होती जा रही है। इजरायल के हमले के बाद ईरान ने अपना पलटवार और भीषण कर दिया है। आज ईरान ने इजरायल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला बोला है। यहां तक की इजरायल के एक बड़े अस्पताल को भी उसने सीधा निशाना बनाया है। ईरान के हमले के बाद इजरायल को बड़ा नुकसान हुआ है। ईरान ने इजरायल के सोरोका मेडिकल सेंटर पर हमला बोला है, जो इजराइल के दक्षिण में एक बड़ा अस्पताल है।



बीर्शेबा में सोरोका अस्पताल पर हाल ही में एक ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया गया। इजराइल अपने सभी लोगों की सुरक्षा के लिए जो करना चाहिए, वह करना जारी रखेगाबीर शेबा में सोरोका मेडिकल सेंटर के प्रवक्ता ने कहा कि अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों में काफी नुकसान हुआ है और हमले में लोग घायल हुए हैं। अस्पताल ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे इलाज के लिए न आएं। बीर शेबा में सोरोका मेडिकल सेंटर के प्रवक्ता ने कहा कि अस्पताल के विभिन्न क्षेत्रों में काफी नुकसान हुआ है और हमले में लोग घायल हुए हैं। अस्पताल ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे इलाज के लिए न आएं।अस्पताल की वेबसाइट के अनुसार, अस्पताल में 1,000 से अधिक बिस्तर हैं और यह इजराइल के दक्षिण के लगभग 1 मिलियन निवासियों को सेवाएं प्रदान करता है।

## यूरोप दौरे पर राजस्थान-ओडिशा के पारंपरिक उपहार ले गए पीएम मोदी



**जाग्रेब, 19 जून [एजेंसी]।**

क्रोएशिया दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा और राजस्थान के पारंपरिक उपहार लेकर गए हैं। उन्होंने क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच को ओडिशा की एक पट्टचित्र पेंटिंग उपहार में दी। जबकि प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच को सिल्वर कैंडल स्टैंड उपहार में दिया। पट्टचित्र ओडिशा की पारंपरिक कला रूप है। यह कपड़े पर अपनी विस्तृत और रंगीन पेंटिंग के लिए जाना जाता है। इसका नाम पट्टा यानि कपड़ा और चित्र से आया है। ये कलाकृतियां आमतौर पर भारतीय पौराणिक कथाओं, खासकर भगवान कृष्ण और जगन्नाथ परंपरा से जुड़ी हैं। कलाकार बोल्ड लाइन और विस्तृत दृश्य बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों और हस्तनिर्मित ब्रश का उपयोग करते हैं।

## दिल्ली से लेह जा रहे इंडिगो विमान की आपात लैंडिंग हैदराबाद-तिरुपति फ्लाइट में तकनीकी खराबी

**नई दिल्ली 19 जून।** दिल्ली से लेह जा रहे इंडिगो के विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट की सूचना पर विमान को वापस दिल्ली लाया गया। विमान की आपात लैंडिंग से यात्रियों में हड़कंप मच गया। बाद में यात्रियों के लिए वैकल्पिक विमान का इंतजाम किया गया। वहीं हैदराबाद से तिरुपति जा रहे स्पाइसजेट के विमान एसजी 2696 की तकनीकी खराबी आने के बाद वापस हैदराबाद एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई गई।

# उत्तराखंड योग, ऋषि-मुनियों की भूमि हैः सीएम धामी

**देहरादून, 19 जून [एजेंसी]।**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कहा कि उत्तराखंड योग और ऋषियों की भूमि है, और कहा कि सरकार द्वारा प्रयास किए गए हैं कि गांव स्तर पर सभी लोग योग से जुड़ें। सीएम धामी ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले अपने आवास परिसर में योगाभ्यास किया । इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद थे। सीएम धामी ने प्रदेशवासियों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह आंतरिक शांति और आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया है। यह हमारे मन को स्थिर करने और चेतना की गहराई तक पहुंचने का माध्यम है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने सदैव मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा है और हमारी सनातन संस्कृति का मूल आधार योग है। यही कारण है कि आज योग विश्व के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन चुका है और भारतीय जीवनशैली को वैश्विक पटल पर स्थापित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता देने का प्रस्ताव रखा था, जिसका 177 देशों ने समर्थन किया और 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं और उत्तराखंड को योग एवं आरोग्य की वैश्विक राजधानी बनाने के लिए नई योग नीति लाई गई है । इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापत्तनम में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भाग लेंगे। शहर में एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें एक ही स्थान पर 2.5 लाख से अधिक लोग एक साथ योग करेंगे - एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास।

## मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोरलेन पर सीएनजी ऑटो में लगी आग, दो लोग जिंदा जले, चार झुलसे



**मुजफ्फरपुर 19 जून।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ है। जिले के गायघाट इलाके में मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोरलेन पर सीएनजी ऑटो में आग लग गई। इस हादसे में दो लोग जिंदा जल गए, जबकि चार लोग घायल हैं। इन सभी को एसकेएमसीएच भेजा गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

## कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया गिरफ्तार शराब घोटाले में एसीबी की कार्रवाई




**रायपुर, 19 जून [एजेंसी]।**

झारखंड एसीबी ने छत्तीसगढ़ के शराब कारोबार से जुड़े कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुख्ता सूचना के मुताबिक, झारखंड एसीबी की टीम ने सिद्धार्थ सिंघानिया को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया है। जिसके बाद ट्रांजिट रिमांड लेकर उसे रांची एसीबी की कोर्ट के पेशी के लिए लाए जाने की तैयारी की जा रही है। सिद्धार्थ के खिलाफ एसीबी ने पिछले दिनों गिरफ्तारी वारंट हासिल किया था। इससे पहले एसीबी ने निलंबित IAS अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी और नेक्सजेन के मालिक विनय कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट वारंट लिया था। झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी की लगातार कार्रवाई जारी है। इससे पहले मंगलवार 17 जून को एसीबी की टीम ने पूर्व उत्पाद कमिश्नर अमित प्रकाश को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार करने के बाद अमित प्रकाश से एसीबी मुख्यालय में पूछताछ की गयी थी।

इस मामले में एसीबी की टीम विनय चौबे , गजेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, सुधीर कुमार दास, नीरज कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह और अमित प्रकाश को गिरफ्तार कर चुकी है। फिलहाल ACB/EOW झारखंड आरोपी सिद्धार्थ को झारखंड कोर्ट में पेशकर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है।

## झीरम शहीद स्मारक में तोड़फोड़ शराबियों ने बनाया दारू पीने का अड्डा

**जगदलपुर, 19 जून [एजेंसी]।**



जगदलपुर के लाल बाग मैदान के पास स्थित झीरम शहीद स्मारक शराबियों को अड्डा बन गया है। यहां शराब पीने के बाद शराबियों ने कांग्रेस के शहीद महेंद्र कर्मा के स्टेच्यू पर शराब की बोतलें फोड़ी हैं। साथ ही शहीदों की अन्य प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की, झीरम मेमोरियल के स्ट्रक्चर को भी तोड़ा है। दरअसल, शराबियों ने झीरम मेमोरियल की तस्वीर ही बदल दी है। जिस जगह पर शहीदों की प्रतिमाएं लगी हुई हैं, उसके नीचे के हिस्से को तोड़ा गया। उसके नीचे बैठकर हर दिन रात में जाम छलकाते हैं।

इसका प्रमाण वहां पड़ी शराब की बोतलें, कांच के टुकड़े समेत अन्य खाने-पीने के सामान के रैपर हैं। जब हम महेंद्र कर्मा के स्टेच्यू के पास गए तो देखा कि उनके स्टेच्यू के पीछे शराब की बोतल के कांच के टुकड़े पड़े हुए थे। कुछ टुकड़े स्टेच्यू के सिर पर भी पड़े दिखे। स्टेच्यू के नीचे जमीन पर भी कांच बिखरा हुआ था। ऐसा लग रहा था मानों किसी शराबी ने जानबूझ कर महेंद्र कर्मा की प्रतिमा पर अपना गुस्सा निकाला और तोड़-फोड़ की हो।

## आयकर विभाग ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री से जुड़े ठिकानों पर की छापेमारी

**भुवनेश्वर, 19 जून [एजेंसी]।**




आयकर विभाग (आईटी) ने गुरुवार सुबह ओडिशा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दिवंगत नवकिशोर दास से जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई उनके कार्यकाल के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों से संबंधित है। छापेमारी में ओडिशा के झारसुगुड़ा, संबलपुर, भुवनेश्वर और दिल्ली समेत 19 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस ऑपरेशन में आयकर विभाग की 20 से अधिक टीमें शामिल हैं, जो सुबह 5 बजे से ही विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही हैं। सूत्रों के अनुसार, संबलपुर के मोदीपाड़ा इलाके में स्थित नवकिशोर दास के पुराने आवास पर भी आयकर विभाग की टीमें तैनात हैं। इसके अलावा, झारसुगुड़ा के भालुपली में डी बार और होटल निकी, जो कथित तौर पर दास से जुड़े हैं, पर भी छापेमारी जारी है। इन स्थानों पर दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की गहन जांच की जा रही है।

आयकर विभाग को संदेह है कि इन ठिकानों पर कर चोरी और अघोषित संपत्ति से संबंधित सबूत मिल सकते हैं। नवकिशोर दास बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नेता थे, जो 2023 में एक सनसनीखेज हत्याकांड में मारे गए थे। वह ओडिशा सरकार में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के रूप में कार्यरत थे। कार्यकाल के दौरान उन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगे थे, जिसके बाद से उनकी संपत्तियों और कारोबारी गतिविधियों पर जांच एजेंसियों की नजर थी। सूत्रों का कहना है कि दास के परिवार और उनके करीबी सहयोगियों के कारोबारी लेनदेन की भी जांच की जा रही है। छापेमारी के दौरान आयकर विभाग ने कई दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए हैं, जिनका विश्लेषण कर चोरी और अवैध संपत्ति के स्रोतों का पता लगाया जाएगा। दिल्ली में दास से जुड़े कुछ कार्यालयों और आवासों पर भी तलाशी चल रही है।

## पेपर लीक मामले में संजीव मुखिया के घर पर ईडी की छापामारी

### ग्रामीणों ने अधिकारी का छीना मोबाइल



**नालंदा 19 जून।** नीट पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को नालंदा जिले के नगरनौसा में संजीव मुखिया के घर छापेमारी कर तलाशी ले रही है। संजीव के घर छापेमारी की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उसके घर पहुंच गए। वहां मौजूद ईडी के एक अधिकारी का फोन छीन लिया। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने लोगों को समझा कर वहां से हटाया और अधिकारी का मोबाइल वापस दिलवाया। बताया जाता है कि संजीव मुखिया के घर कार्रवाई बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई की जांच के आधार पर दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तहत की जा रही है।

## पीएम मोदी ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं



**नईदिल्ली, 19 जून [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को उनके 55वें जन्मदिन पर शुभकामानएं दीं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन प्रदान करें।

वहीं, कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। सामाजिक न्याय के प्रति आपकी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता ने राजनीतिक विमर्श को नई दिशा प्रदान की है। आप समाज के हर वर्ग की प्रगति के लिए जो प्रयास कर रहे हैं और जिन बदलावों की अपेक्षा रखते हैं, उनमें आपको अपार सफलता मिले, यही मेरी दिल से की गई कामना है। साथ ही, ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आने वाला वर्ष आपके लिए सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए।

## छग आ रहे कोटमसर गुफा देखने विदेशी पर्यटकों को झटका, प्रवेश बंद

***बस्तर।*** *बस्तर में मानसून ने प्रवेश ले लिया है। सुरक्षा के लिहाज से बस्तर के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित कोटमसर गुफा को 4 महीनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह गुफा पर्यटकों के लिए अब सीधे अक्टूबर में खुलेगी। छ्ष्टस्न आरसी दुग्गा ने इसकी जानकारी दी है।*


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


### एनडीए का मतलब नेशनल दामाद आयोग

## तेजस्वी यादव बोले- पीएम मोदी ने सबके दामाद को सेट कर दिया

**पटना, 19 जून [एजेंसी]।**



तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से भाजपा सरकार पर हमला बोला है। पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में एनडीए का मतलब राष्ट्रीय दामाद आयोग है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आयोग में सबके दामाद को सेट कर दिया है। उन्होंने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे महंगाई को रोकने तो आ नहीं रहे, वो नौकरी देने तो आ नहीं रहे, गरीबी मिटाने तो नहीं आ रहे। उन्होंने आगे कहा कि वे हमें परिवारवाद की गाली देते रहते हैं, लेकिन उनका गठबंधन परिवारवादी नेताओं से भरा पड़ा है, यही बात उनकी पार्टी (बीजेपी) में भी सच है। बिहार में 50त्न से ज्यादा मंत्री परिवारवादी हैं। बिहार में रोज 200 राउंड गोलियां चलती है।

वे कभी इस पर बात नहीं करते। बिहार में रोड शो करने आए थे, लेकिन एक जवान शहीद हुआ, उसको संवेदना व्यक्त करने नहीं आए। बिहार में रोज 200 राउंड गोलियां चलती है। वे कभी इस पर बात नहीं करते। बिहार में रोड शो करने आए थे, लेकिन एक जवान शहीद हुआ, उसको संवेदना व्यक्त करने नहीं आए। तेजस्वी ने कहा कि जब भी देश की सुरक्षा की बात आती है तो बिहार के लोग सबसे आगे खड़े रहते हैं।

## देश में कोरोना से 24 घंटे में 4 मरीजों की मौत

### अबतक 113 की गई जान



**नई दिल्ली 19 जून।** देशभर में कोरोना के नए वैरिएंट ने काफी लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है और बीते 24 घंटों में चार मरीजों की मौत हुई है। महाराष्ट्र में 2 और दिल्ली और केरल में 1-1 मरीज की मौत कोरोना से हुई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, साल 2025 की शुरुआत से जनवरी से लेकर अब तक कोरोना से कुल 113 लोगों की मौते हुई हैं। मरने वाली की संख्या में सबसे ज्यादा केरल 36 और फिर महाराष्ट्र 31 है। दिल्ली में भी 13 मौतें हुई हैं। देश के 32 राज्य-केंद्रशासित प्रदेश मिलाकर कोरोना के 6483 एक्टिव केस हैं। केरल से सबसे ज्यादा 1384 मामले सामने आए हैं। गुजरात में 1105 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव केस हैं।

# 'धरती आबा उत्कर्ष अभियान के तहत गोढ़ी कलस्टर में आयोजित शिविर में 39 ग्रामीणों को मिला राशन



**कोरबा ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आज विकासखण्ड कोरबा के गोढ़ी कलस्टर में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन हाईस्कूल गोढ़ी में किया गया, जिसमें ग्राम बेन्दरकोना, डूमरडीह, भूलसीडीह, बुंदेली, गोढ़ी, गोड़मा, केसला, करमंदी, आंछीमार, करूमौहा, केराकछार, दरगा, मौहार, केरवां, डेंगुरडीह, नकटीखार, पण्डरीपानी, पतरापाली, टेवानारा एवं ठाकुरखेता के ग्रामीणों ने सहभागिता की।शिविर के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए कुल 39 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 10 को आधार कार्ड, 10 मनरेगा जॉब काड, 1 आयुष्मान कार्ड, 12 पेंशन स्वीकृति, 1 जाति प्रमाण पत्र, 5 उज्जवला कनेक्शन, एवं 2 जनधन खाते जारी किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। यह शिविर ग्रामीणों को योजनाओं से सीधे जोड़ने और उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में सार्थक पहल सिद्ध हुआ।शिविर में गोढ़ी सरपंच श्रीमती झूलबाई कंवर पण्डरीपानी सरपंच रामसिंह कंवर, केराकछार सरपंच जगसिंह,जनपद पंचायत कोरबा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कौशाम्बी गबेल, विकास विस्तार अधिकारी श्रीमती महेश्वरी साव सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।यह अभियान जनजातीय समुदाय के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसके माध्यम से वंचित तबकों को शासन की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है और उन्हें सरकारी योजनाओं का त्वरित व पारदर्शी लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।

## लाफा सहित कई स्थानों पर लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 19 जून को विकासखंड कोरबा के ग्राम कुदुरमाल कलस्टर में सम्मिलित ग्राम बरीडीह, देवरमाल, कटबितला, कुदुरमाल, पताढ़ी, सेमीपाली और ग्राम उरगा के लिए भारत भवन कुदुरमाल में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया है। इसी तरह विकासखंड कटघोरा के ग्राम खोडरी कलस्टर में सम्मिलित ग्राम खोडरी, नवागांव, खैरभवना, चुरैल, रिस्दी और पड़निया के लिये ग्राम खोडरी, विकासखंड करतला के ग्राम घिनारा कलस्टर में सम्मिलित ग्राम घिनारा, बोतली, पिड़िया, बांधापाली, नवापारा (चै.), बिंझकोट, नोनदरहा, बरकोन्हा और पतरापाली के लिए ग्राम घिनारा और विकासखंड पाली के ग्राम लाफा कलस्टर में सम्मिलित ग्राम लाफा, भंडारखोल, खैराबहार, जेमरा, बगदरा, रतखंडी और ग्राम नगोई के लिए ग्राम लाफा में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम मातृत्व वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, उज्जवला योजना आदि सेवाओं के प्रदाय हेतु कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही लोगों को सिकलसेल बीमारी तथा उससे संबंधित जांच हेतु जागरूक किया जायेगा।

# बाढ़ क्षेत्र से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

**कोरबा ।** वर्षाकाल 2025 के दौरान आवश्यकता होने पर मिनीमाता बांगो बांध माचाडोली एवं हसदेव बॅराज दर्री से नदी में पानी प्रवाहित किया जायेगा। अधीक्षण अभियंता हसदेव परियोजना मंडल कोरबा ने सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया है कि उक्त बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चल-अचल सम्पत्ति सुरक्षित स्थानों पर ले जायें। बाढ़ क्षेत्र में स्थापित खनिज खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेवें। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध ने कहा है कि अकस्मात बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध एवं हसदेव बराज जल प्रबंध संभाग को बाढ़ क्षेत्र में आने वाले गांवों में बाढ़ चेतावनी की मुनादी करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बाढ़ क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, लेपरा, नुनिया, कछार, कोनकोना, पोड़ीउपरोड़ा, चर्रा, पाराघाट, छिनमेर, सिरकीकला, केरा, पाथा, सिलीयारीपारा, तिलसाभाटा, हथमार, छिर्रापारा, डग्गुपारा, करमीपारा, जूनापारा, लोरीडांड, तिलाईडाड, टुंगुमांड़ा, नवागांव, झोरा, कौरीघाट, डोंगाघाट, पोंड़ीखोहा, धनगांव, लोतलोता, नर्मदा, औराकछार, झाबू, सोनगुढ़ा, नवागांव, स्याहीमुड़ा0, जेलगांव, चारपारा, खैरभावना, बलरामपुर, भलपहरी, जोगीपाली, कोहड़िया, राताखार, एवं ढिठोली आदि शामिल हैं।

## 9910 लीटर जप्त मदिरा को किया जायेगा नष्ट

**कोरबा।** कोरबा जिले के विभिन्न थानों व चौकियों में दर्ज एवं न्यायालय से निराकृत आबकारी एक्ट के 1866 प्रकरणों में जप्त देशी एवं विदेशी मदिरा के 9910 लीटर को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कोरबा द्वारा गठित नष्टीकरण कमेटी के द्वारा क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कमेटी एवं पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, विभिन्न थानों के थाना प्रभारी एवं अन्य पंचान के समक्ष 20 जून को दोपहर 12 बजे रक्षित केन्द्र कोरबा में विधिवत नष्ट किया जायेगा।

# बिना अनुमति कोटवारी भूमि के विक्रय पर शासन द्वारा की जा रही कार्यवाही

### बिक्री किए गए कोटवारी भूमि को पुन:शासन के मद में किया गया दर्ज

**कोरबा ।** जिला प्रशासन द्वारा बिना अनुमति कोटवारी भूमि के विक्रय पर नियंत्रण करने एवं ऐसे बिक्री हुई भूमि को पुन:शासन के रिकार्ड में दर्ज करने हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 10-11/2000 / सात - 4 (पार्ट) नवा रायपुर दिनांक 12.06.2024 के तहत जारी निर्देश की कंडिका 2 (2) के परिपालन में तथा कलेक्टर कोरबा के निर्देशानुसार कोटवारी भूमि/सेवा भूमि को कोटवार द्वारा भूमि स्वामी के रूप में भूमि दर्ज होने के उपरांत बिना सक्षम अधिकारी (कलेक्टर) के अनुमति प्राप्त किये अन्य व्यक्ति को विक्रय किये प्रकरणों में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) से पुर्नविलोकन/पुनरीक्षण की अनुमति प्राप्त कर शासन के निर्देशानुसार विधिवत कार्यवाही करते हुये 15 प्रकरणों में कुल 4.477 हेक्टेयर भूमि को छ.ग. शासन घास मद में दर्ज करने की कार्यवाही की गई है।अधीक्षक भू-अभिलेख कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील दर्री अंतर्गत ग्राम कुमगरी स्थित भूमि ख.नं. 196 रकबा 0.166 हे.,खसरा नं. 631 रकबा 0.97 हे. जिसे ग्राम कोटवार हरगोविंद दास पिता चरण दास के द्वारा कविता देवी पति बिंदुसिंह को विक्रय किया गया था। ग्राम गांगपुर स्थित भूमि ख.नं. 92 शामिल 93 रकबा 0.306 हे. जिसे ग्राम कोटवार बिसाहू दास पिता भुजबल के द्वारा रामखिलावन पिता जोतराम तथा खसरा नं. 316 रकबा 0.113 हे., खसरा नं. 414 रकबा 0.324 हे., खसरा क्रं. 417 रकबा 0.178 हे. और खसरा क्र. 418 रकबा 0.061 हे. भूमि को लक्ष्मीनारायण यादव पिता तिरिथ राम यादव को विक्रय किया गया था।

ग्राम सेमीपाली स्थित भूमि ख.नं. 293 रकबा 0.239 हे. एवं 0.328 हे. भूमि को कोटवार हरगोविंद दास पिता चरण दास द्वारा क्रमशः पार्वती पति पैरू पंडित एवं सुनीता देवी पति रमेंश अग्रवाल को विक्रय किया गया था। इसी प्रकार तहसील कटघोरा अंतर्गत छुरीकला स्थित भूमि ख.नं. 1232/2 रकबा 0.093 हे. एवं खसरा नं. 1231/3 रकबा 0.024 हे. भूमि जिसे ग्राम कोटवार बुधवार साय पिता हीरासाय द्वारा क्रमशः दुकालू राम, रमेश कुमार पिता सीपतराम एवं रामबिलास पिता प्रीतराम को विक्रय किया गया था। नवागांव स्थिति भूमि खसरा नं. 104/2 रकबा 0.008 हे. एवं खसरा नं. 123 रकबा 0.198 को कोटवार नारायण दास पिता नन्हे दास द्वारा प्रदीप कुमार जायसवाल, मिथलेश कुमार पिता गोकुल प्रसाद जायसवाल को विक्रय किया गया था। ग्राम मोहनपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2671 रकबा 0.445 हे. भूमि को कोटवार लक्ष्मीदास पिता रूपधन दास द्वारा शिवलाल सिंह पिता गुलाब सिंह को विक्रय किया गया था। तहसील भैंसमा अंतर्गत ग्राम कुकरीचोली स्थित भूमि खसरा नं. 377/1 रकबा 0.045, खसरा नं. 377/1 रकबा 0.012, खसरा नं. 377/1 रकबा 0.158 हे., खसरा नं. 376 रकबा 0.215 हे., खसरा नं. 377/1 रकबा 0.040 हे. खसरा नं. 377/1 रकबा 0.081 हे., खसरा नं. 377/1 रकबा 0.101 हे. भूमि को कोटवार रामदयाल पिता पटैतराम सारथी द्वारा क्रमशः अनिता कौशिक पति दिनेश कौशिक, कनिका चक्रवर्ती पति तपन कुमार चक्रवर्ती, डॉ.के.सी.देवनाथ पिता अक्षय कुमार देवनाथ, मंजू जायसवाल पति गोवर्धन, डॉ.के.सी.देवनाथ पिता अक्षय कुमार देवनाथ को विक्रय किया गया था।

तहसील पोंड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम कोठीखर्रा स्थित भूमि खसरा नं. 177 रकबा 0.372 हे. भूमि जिसे कोटवार रघुराम पिता सोनसाय ने विजय, विरेन्द्र भूपेन्द्र कुमार पिता बनवारी को विक्रय किया गया था। उपरोक्तानुसार 15 प्रकरणों में बिक्रीकृत कोटवारी भूमि कुल रकबा 4.447 हेक्टेयर को छ.ग.शासन घास मद में दर्ज किये जाने की कार्यवाही की गई है।

# दिगंबर जैन समाज की आर्यिका संघ का जैन मंदिर में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**कोरबा ।** संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर महाराज के शिष्य एवं नवाचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के संघ की परमपूज्य आर्यिकारत्न श्री 105 आदर्शमति माता के संघस्थ आर्यिका श्री 105 अखंड मति माताजी, आर्यिका श्री 105 अभेदमति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 ज्ञानमति माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश कोरबा नगरी में हो गया है। वर्तमान में माता ससंघ बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर कोरबा में विराजमान है। ज्ञात हो कि यह आर्यिकासंघ ग्राम अकलतरा से बलोदा, सरईश्रृंगार, डोंगरी से विहार करते हुए खिसोरा, पंतोरा, तरदा, कनवेरी होते हुए कोरबा पहुंचा। जहां जैन समाज के लोगों ने बड़े ही उमंग एवं उत्साह के साथ बेंडबाजे के साथ मुरारका पेट्रोल पंप पर उनकी भव्य अगवानी की। तत्पश्चात् गाजेबाजे के साथ नगर में धर्म प्रभावना कराते हुए दिगंबर जैन मंदिर प्रवेशद्वार में दिगंबर जैन समाज की महिलाओं द्वारा मंगल कलश के साथ आर्यिकासंघ की भव्य मंगल अगवानी की गई। जिसमें समस्त जैन समाज सहित जैन मिलन समिति के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जैन मिलन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि प्रतिदिन प्रात्काल 7:00 बजे से भगवान श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन होगा। उसके बाद आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की



पूजन के बाद प्रात: 8:30 बजे प्रवचन माता जी के प्रवचन होंगे। तत्पश्चात 10:00 बजे से माताजी की आहारचर्या होगी। जिसमें जैन मिलन समिति ने जैन समाज के समस्त पुरुष व माता-बहनों से शुद्धता पूर्वक माता जी की आहारचर्या में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने अपील की है। समस्त जैन समाज की महिलाएं एवं पुरुषों ने आर्यिकासंघ का चातुर्मास कोरबा दिगंबर जैन मंदिर में ही करने की तीव्र भावना व्यक्त की है। गुरुवार को प्रात:काल श्री 1008 विमल नाथ भगवान का मोक्षकल्याण दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। उक्त आशय की समस्त जानकारी जैन मिलन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने दी।

# लायंस क्लब आफ कोरबा के नए पदाधिकारियों ने किया शपथ ग्रहण



**कोरबा।** लायंस क्लब ऑफ कोरबा डि. 3233सी. की नयी कार्यकारिणी सत्र 2025-26 के लिए होटल ब्लू डॉयमंड टी.पी. नगर कोरबा में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज वंदना के साथ लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के संस्थापक लायन मेल्विन जोन्स के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े द्वारा स्वागत एवं अध्यक्षीय उद्बोधन दिया गया। तत्पश्चात् सचिव लायन रविशंकर सिंह द्वारा वर्षभर किये गये कार्यो का सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डि 3233सी निर्वाचित एवं डि. की प्रथम महिला श्रीमती रेखा अग्रवाल, प्रमुख वक्ता एमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित, विशिष्ट अतिथि लायन पवन मलिक द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित, पीएमजेएफ लायन अग्रवाल पीएमसीसी एवं डिस्ट्रिक्ट के सलाहकार, एमजेएफ लायन एम.डी. माखीजा पूर्व प्रांतपाल एवं डि. के मुख्य संरक्षक व लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) रीजन चेयरमेन, लायंस क्लब के सभी सदस्यों एवं अन्य क्लबों से आये सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में शपथ अधिकारी एमजेएफ लायन एस.के. अग्रवाल रीजन चेयरमेन मनोनीत ने नवनिर्वाचित लायंस क्लब ऑफ कोरबा के अध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े, सचिव लायन रविशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष लायन शिव अग्रवाल (मॉडर्न एग्रो), और उनकी सहयोगी टीम एवं अन्य पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों ने नयी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए क्लब की गतिविधियों की प्रशंसा करी। मुख्य अतिथि द्वारा मल्टीपल से प्राप्त अवार्ड व डिस्ट्रिक्ट पिन से लायंस क्लब के सदस्यों को सम्मनित किया गया।

लायंस क्लब द्वारा डिस्ट्रिक्ट टीम का सम्मान किया गया एवं उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायन सत्येन्द्र वासन, एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), एमजेएफ लायन अशोक मोदी, लायन आनंद जायसवाल, लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, लायन राकेश अग्रवाल, लायन पुरुषोत्तम अग्रवाल, लायन अमरेश सिंघानिया, लायन राजेन्द्र डागा, लायन दीपक माखीजा, लायन दीपक अग्रवाल, लायन अरविन्द साहू, लायन दिनेश राठौर, लायन भगवती गोयनका, लायन मनमोहन यादव, लायन सुभाष अग्रवाल (बालाजी), लायन गजेन्द्र श्रीवास्तव, लायन भाविन उपाध्याय, लायन कान्ता अग्रवाल, लायन भोजकुमारी राजवाड़े, लायन महेन्द्र शर्मा, लायन मुकुल जैन, लायन जशपाल सिंह, लायन रामखिलावन सिंह सहित अन्य लायन सदस्य एवं अन्य लायन क्लब से लायन महेश अग्रवाल, लायन अजय धनोदिया, लायन मनोज कुमार, लायन मोहन सिंह छाबड़ा, लायन राकेश पांडेय, लायन शिव जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# आदिवासी कोरवा परिवार के तीन सदस्यों की जघन्य हत्या करने वाले आरोपियों की फांसी की सजा बदली उम्रकैद में

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सामुहिक कुकर्म और तीन हत्या के मामले में पांच दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बी.डी. गुरु की डिवीजन बेंच ने माना है कि यह केस समाज को झकझोरने वाला है। फिर भी तथ्यों और परिस्थितियों में कथित आरोपियों को मृत्युदंड की कठोर सजा देना उचित नहीं है, क्योंकि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर का मामला नहीं है, जिसमें मृत्युदंड की कठोर सजा की पुष्टि की जानी चाहिए। उक्त मामला जनवरी 2021 का है, जब कोरबा जिले में एक 16 साल की पहाड़ी कोरवा जाति की लड़की के साथ सामुहिक कुकर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। साथ ही उसके पिता और एक चार साल की बच्ची को भी बेरहमी से मार दिया गया था। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा है कि आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं होने और उनकी उम्र को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। गढ़-उपरोड़ा के कोराई जंगल में तीनों की हत्या कर दी गई थी। मृतकों में देवपहरी ग्राम के ग्रामीण, उनकी बेटी और नातिन शामिल थे। 30 जनवरी को जंगल में तीनों का शव मिला था। ग्रामीण की पत्नी के बयान के आधार पर पुलिस ने संदेहियों को पकड़कर पूछताछ की, तब पता चला कि आरोपी और अन्य साथियों ने मिलकर उसको अपने साथ ले गए। जहां रास्ते में कथित आरोपियों ने मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण को भी मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन करवाया। पिता के सामने उसकी बेटी से सामुहिक कुकर्म किया, जिसका उसने विरोध किया तो लाठी-डंडे से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी, जिसके बाद उसकी बेटी और चार साल की नातिन को भी मार डाला। जांच के बाद पुलिस ने सतरेंगा निवासी 6 व्यक्तियो को गैंगरेप और हत्या के जुर्म में गिरफ्तार किया। पुलिस ने जांच पूरी कर सभी कथित आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

ट्रॉयल के बाद न्यायालय ने सभी को दोषी ठहराया। मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायालय (पॉक्सो कोर्ट) की विशेष न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी ने अपने फैसले में कहा, मानवीय और निर्दयतापूर्वक किया गया कृत्य वीभत्स, पाशविक और कायरतापूर्ण है। वासना को पूरा करने के लिए निर्दोष और कमजोर लोगों की हत्या की गई, जिससे पूरे समाज की सामूहिक चेतना को आघात पहुंचा है। इसलिए, 5 आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई। जबकि, 1 आरोपी को उम्रकैद की सजा दी। फांसी की सजा की पुष्टि के लिए केस को उच्च न्यायालय भेजा गया। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि हालांकि, यह पूरे समाज को झकझोरने वाला है, फिर भी, मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में, अपीलकर्ताओं की आयु को देखते हुए और विचारपूर्वक विचार करने पर, हमारा मानना है कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में मृत्युदंड की कठोर सजा उचित नहीं है। यह 'दुर्लभतम से दुर्लभतम मामला' नहीं है, जिसमें मृत्युदंड की कठोर सजा की पुष्टि की जानी है। हमारे विचार में उम्रकैद की सजा पूरी तरह से पर्याप्त होगा और न्याय के उद्देश्यों को पूरा करेगा। जिस पर उच्च न्यायालय ने मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। वहीं, एक आरोपी की उम्रकैद की सजा को यथावत रखते हुए उसकी अपील खारिज कर दी है।

# जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य अब तक अधूरा

**कोरबा ।** लोगों को स्मार्ट मीटर से जोडने की योजना की शुरुआत पिछले वर्ष की गई थी। जिले के शहरी क्षेत्र में कुल 2 लाख 18 हजार 519 स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वर्तमान में सिर्फ 62000 स्मार्ट मीटर लोगों के घरों में लगा पाए हैं। लगभग 11000 शासकीय कार्यालय और इस तरह के संस्थानों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना शेष है। लोग स्मार्ट मीटर का विरोध कर रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाने का काम निजी ठेकेदारों को सौंपा गया है। वह जब अपने कर्मचारियों के माध्यम से लोगों के घर स्मार्ट मीटर लगाने जाते हैं, तब लोग इसे लगवाने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण विभाग का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। शहर के सीतामणी निवासी कहते हैं कि स्मार्ट मीटर योजना गरीबों के लिए उचित नहीं है। यह प्रीपेड कनेक्शन की तरह लगाई जाती है. कुछ लोगों के घर में स्मार्ट मीटर लगा है, लेकिन बहुत अधिक बिल आ रहा है। कुछ लोग पहले ही ज्यादा बिजली बिल की समस्या से जूझ रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद अधिक बिजली बिल आने की समस्या और बढ़ गई है। विभाग में जाने के बाद इसका समाधान नहीं होता।

# उप तहसील सोहागपुर का सही ढंग से नहीं हो रहा संचालन : विधायक फूलसिंह राठिया

## रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत विधानसभा रामपुर के सोहागपुर में उप तहसील कार्यालय तो खोल दिया गया। मगर उप तहसील का संचालन सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। इस वजह से इसका लाभ क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों को नहीं मिल पा रहा है। उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त आरोप लगाते हुए विधायक फूलसिंह राठिया ने उप तहसील के सही ढंग से संचालन को लेकर कलेक्टर को पत्र लिखा है। विधायक श्री राठिया ने पत्र में आगे लिखा है कि सोहागपुर क्षेत्र के किसानों व आम जनों की मांग पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के प्रयास से पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा उप तहसील सोहागपुर को खोला गया है। जिसके उद्घाटन कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व वर्तमान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत और तत्कालीन कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ था। वर्तमान में उप तहसील सोहागपुर का संचालन सही ढंग से नहीं हो रहा है। जिसके कारण किसनों व आम जनों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा। जिस मंशा के साथ उप तहसील की शुरुआत की गई थी उसका समुचित लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। विधायक ने पत्र के माध्यम से कहा है कि संबंधित अधिकारियों को उप तहसील सोहागपुर का नियमित संचालन करने के लिए निर्देशित करने कहा है।

### घोषणा के बाद भी सामुदायिक भवन को नहीं मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**कोरबा ।** रामपुर क्षेत्र विधायक फूलसिंह राठिया ने सोहागपुर में घोषणा के बाद भी सामुदायिक भवन के लिए प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दिए का मामला पत्र के माध्यम से कलेक्टर के संज्ञान में लाया है। श्री राठिया ने पत्र में कहा है कि तत्कालीन कलेक्टर सौरभ कुमार जब उप तहसील सोहागपुर के उ?द्घाटन कार्यक्रम में आए थे। तब ग्राम पंचायत सोहागपुर के लोगों के द्वारा एक सामुदायिक भवन की मांग की गई थी। जिस पर तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 15 लाख रूपये के सामुदायिक भवन की घोषणा की गई थी। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति आज तक नहीं दी गई है। उन्होंने कलेक्टर अजीत वसंत से तत्कालीन कलेक्टर के घोषणानुरूप सामुदायिक भवन की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने मांग की है। सोहागपुर में सामुदायिक भवन की कमी लंबे समय से बनी हुई है।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-202504050400022
/21(2)/2024-25
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है भूमिस्वामी / आवेदक सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार- श्री हरीश परसाई/अशोक अग्रवाल, निवासी-सर्वमंगला भवन निहारिका रोड, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा संयुक्त स्वामित्व एवं हक की परिवर्तित भूमि ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.-16, तहसील कोरबा स्थित भूमि खसरा नंबर 15002/1 रकबा 0.86 एकड़ भूमि में से भूखण्ड क्रमांक-01 क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट भूमि को प्रस्तावित क्रेता-कु. नैना अरसे पिता स्व. श्री अशोक अरसे, निवासी-सी.एच.24 एस.ई.सी.एल. सुभाष ब्लॉक कॉलोनी कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) के पास छ.ग.भू.राजस्व संहिता- 1959 की धारा-165(6-क) के तहत वादभूमि को विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 02/07/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 17/6/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-202504050400023
/21(2)/2024-25
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है भूमिस्वामी / आवेदक सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार- श्री हरीश परसाई/अशोक अग्रवाल, निवासी-सर्वमंगला भवन निहारिका रोड, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा संयुक्त स्वामित्व एवं हक की परिवर्तित भूमि ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.-16, तहसील कोरबा स्थित भूमि खसरा नंबर 15002/1 रकबा 0.86 एकड़ भूमि में से भूखण्ड क्रमांक-11 क्षेत्रफल 1233 वर्गफीट भूमि को प्रस्तावित क्रेता-श्री योगेश कुमार गोयल पिता श्री महाबीर प्रसाद गोयल, निवासी-एस.एस.ग्रीन आउस नंबर-ए-24, तुलसी नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) के पास छ.ग.भू.राजस्व संहिता- 1959 की धारा-165(6-क) के तहत वादभूमि को विक्रय करने की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो. कोरबा से अ.वि.अ. कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 02/07/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 17/6/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोरबा-1**
**तहसील कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक/सी./सू./2024
कोरबा दिनांक 15.06.2025

**// सूचना पत्र//**

प्रति,
1. श्री प्रहाद राय, 2. श्री के.एल. प्रसाद, 3. श्री फरियाद अली, 4. श्री शांता कुमार सिल्ला, 5. श्री तुषार ऐश्वर्य, 6. श्रीमति अनिता देवी, 7. नगर पालिक निगम, कोरबा, 8. राजस्व निरीक्षक, नजूल शाख कोरबा, 9. ख.नं. 197, 198, 199 के समस्त भूमि स्वामी

विषय :- सीमांकन किए जाने हेतु।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार कोरबा के ज्ञापन क्रमांक 370/तह./वा./2025 दिनांक 17.04.2025

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री प्रहलाद राय पिता ओमप्रकाश निवासी कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं. 16 तहसील कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा क्रमांक 197/3, ख.नं.-199/6 रकबा $0.27^{1/2}$ एकड़/हेक्टेयर का सीमांकन/नक्शा बटांकन/मौका जांच किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार कोरबा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित ज्ञापन के संबंध में दिनांक 20.06.2025 समय 11:30 बजे सीमांकन जांच किया जाना है। जिस हेतु आप अपनी भूमि सबंधी दस्तावेजों के साथ नियत तिथि को मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सीमांकन/नक्शा बटांकन/मौका जांच की कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें।

(सील) राजस्व निरीक्षक, कोरबा-1
तहसील -कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

# किसानों के धान का भुगतान के लिए सरकार के पास नहीं है ठोस व्यवस्था

## भुगतान पाने किसान आज भी लग रहे हैं बैंकों में लाइन, दलालों के कारण किसानों को नहीं मिल पा रहा पूरी रकम

*सीताराम नायक*

**जांजगीर चांपा ।** प्रदेश में किसी की भी सरकार हो सरकार बनाने के लिए किसानों से अनेक लोक लुभावन वादे करती है परंतु सत्ता हासिल होने के बाद सरकार किसानों को पूरी तरह से भूल जाती है। जो इन्हें नजरअंदाज कर के पूरे 5 साल केवल धोखा देती हैं। इस संबंध में अवगत हो कि छत्तीसगढ़ में भाजपा नेताओं द्वारा विधानसभा चुनाव जीतने के लिए समर्थन मूल्य में धान खरीदने के अलावा अन्य सुविधा दिए जाने के लिए अनेक वादे किए थे और इन्हीं प्रलोभन में आकर किसान सत्ता परिवर्तन कर दी। इस बार भी यही नजारा देखने को मिला जहां पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यों को नकारते हुए किसानों ने भाजपा को चुनना सही समझा। किंतु मौजूदा सरकार किसानों के दर्द को समझने के बजाय उन्हें ठोकर खाने के लिए छोड़ दी है। समर्थन मूल्य से धान खरीदी करने के साथ-साथ बोनस देने का भी काम सरकार ने की है। जिसे किसानों के खाते पर उक्त राशि भेज दी है लेकिन जांजगीर-चांपा सक्ती,कोरबा, रायगढ़ एवं बिलासपुर, बड़ौदा बाजार जिले सहित पूरे प्रदेश में इस भुगतान को पाने के लिए किसान आज भी जिला




सहकारी केंद्रीय बैंकों के स्थानीय शाखों का चक्कर काट रहे हैं। क्योंकि पहले राशि आहरण करने वाले लोगों की संख्या अधिक होने के कारण शाखा प्रबंधकों द्वारा उन्हें विभिन्न प्रकार से लताड़ा जाता रहा है और धक्का मुखी खाकर भी किसानों को सही समय पर अपनी उपज का भुगतान नहीं हो सका। शादी ब्याह के सीजन में किसानों को अपनी राशि लेने के लिए बैंकों के दलालों को कमीशन तक देना पड़ा। तब जाकर 25 हजार राशि मिल पाती थी जिसके कारण प्रदेश के अनेक जिलों में किसान शादी विवाह में राशि नहीं मिल पाने के कारण साहूकारों के चुंगल में फंस जाते हैं इसका कारण यह है कि किसानों का खाता केवल जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में ही है। जहां किसानों को भुगतान पाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है इसके बावजूद भी उन्हें समय पर भुगतान नहीं हो पाता । अगर अन्य बैंकों के माध्यम से इन किसानों को धान का भुगतान कर दिया जाता जाय तो इनकी भीड़ अनेक बैंकों में बट जाएगी और किसानों को भुगतान आसानी से हो सकता। इतना ही नहीं बल्कि जिला सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर द्वारा एटीएम मशीन की स्थापना कई जिलों में की गई है किंतु यह महज दिखावा ही साबित हो रहा है क्योंकि एटीएम को अब तक अपडेट नहीं किया गया है और ना ही एटीएम मशीन का शुभारंभ किया गया है नतीजा यह है कि किसानों को धान का भुगतान पाने के लिए आज भी परेशानी हो रही है। किसानों को धान बेचे हुए चार माह व्यतीत हो गए किंतु जांजगीर चांपा, सक्ती,अकलतरा, बलौदा, शिवरीनारायण, पामगढ़ सहित अनेक प्रदेश के बैंक के शाखाओं में देखा जा सकता है कि किसान आज भी धान के भुगतान के लिए लाइन में लगे हैं जिन्हें राशि पाने के लिए पूरे दिन भर लगना पड़ता है और कई कई दिनों तक शहर में संचालित बैंकों में आना जाना पड़ता है। सरकार को किसानों के हित में विशेष ध्यान देने की जरूरत है बल्कि किसानों के हितों के लिए इनके खाते का संचालन एवं भुगतान अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से किया जाय वही एटीएम आदि सुविधा को से किसानों को जोड़ा जाए ताकि कहीं से भी वे अपनी उपज का कीमत को निकाल सके। वर्तमान में सरकार के लचर व्यवस्था एवं बैंकों में दलाली प्रथा के कारण किसान आज भी साहूकारों के जंगल में फसते जा रहे हैं जिन्हें अतिरिक्त ब्याज के रूप में राशि साहूकारों को देना पड़ता है। क्योंकि जरुरत के समय राशि का भुगतान साहूकारो द्वारा ही किया जता है।

# दतिया राजा राहुल देव सिंह ने किया डॉ राजेन्द्र शर्मा से भेंट

## राणी सती दादी के मंदिर पहुंचकर दर्शन किए



**जांजगीर-चांपा।** दतिया राजा राहुल देव सिंह कल 16 जून सोमवार को अपने अल्प प्रवास के दौरान जांजगीर पहुंचे , उनका पहली बार यहां आना हुआ। श्री सिंह ने हस्त रेखा विशेषज्ञ डॉ राजेन्द्र शर्मा के निवास पहुंचकर उनसे सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान सनातन धर्म के विस्तार के लिये विस्तृत कार्य योजना के संबंध में दोनों के बीच लंबी चर्चा हुई। श्री सिंह ने बताया कि राजतिलक के पश्चात वे समाज में फैले अंधविश्वास के उन्नमूलन की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं।

इसी तरह सनातन धर्म , संस्कृति एवं सभ्यता को अंतर्राष्ट्रीय पटल तक ले जाने के लिये व्यापक कार्य योजना को धरातल देने में सक्रिय हैं। सनातन धर्म पर मजबूत पकड़ रखने वाले श्री सिंह धर्म से जुड़े रहस्यों को बेहतर समझते हैं।उन्होंने अखिल ब्रम्हांड नायक भगवान राम पर शोध किया है। दतिया राजा श्री सिंह राणी सती दादी के मंदिर पहुंचे और दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर मंदिर के प्रधान सेवक महेंद्र मित्तल , जिपं सदस्य राजकुमार साहू , यज्ञाचार्य अमित मिश्रा एवं भक्तगण उपस्थित रहे। इसके पूर्व श्री सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत राजा राहुल देव ने भक्तों को आशीर्वाद दिया एवं ज्योतिष के माध्यम से लोक कल्याण के लिये निरंतर सेवा दे रहे हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ राजेन्द्र शर्मा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए ध्येय को पाने की कामना की।

### तहसील कार्यालय परिसर अकलतरा व चांपा में एचएसआरपी कैम्प का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिले के वाहन स्वामियों की सुविधा हेतु परिवहन विभाग द्वारा तहसील कार्यालय परिसर अकलतरा में 19 जून 2025 को तथा तहसील कार्यालय परिसर चांपा में 20 जून 2025 को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक एचएसआरपी कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू ने बताया एचएसआरपी कैम्प के माध्यम से जिले के समस्त पंजीकृत वाहन स्वामियों को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह सुविधा वाहन चालकों को नामित एजेंसी द्वारा निर्धारित शुल्क पर प्रदान की जाएगी।इसके अतिरिक्त वाहन स्वामी https://cgtransport.gov.in/ वेबसाइट के माध्यम से स्वयं आवेदन कर सकते हैं। नामित एजेंसी के माध्यम से एचआरएसपी प्लेट की पूरी प्रक्रिया निर्धारित दर पर की जाएगी।जिले के समस्त पंजीकृत वाहन स्वामी समय रहते अपने वाहनों में एचएसआरपी प्लेट लगवाकर आवश्यक परेशानी और जुर्माने से बच सकें।

### नगर सैनिकों की परीक्षा 22 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला सेनानी सुश्री योग्यता साहू ने बताया कि बिलासपुर संभाग के जिलों में बालिका आश्रम एवं छात्रावासों में रह रहे बालिकाओं के सुरक्षा व्यवस्था एवं जनरल ड्यूटी हेतु महिला व पुरुष नगर सैनिकों की भर्ती कार्यवाही में शारीरिक दक्षता में पास हुए सभी अभ्यार्थियों का 22 जून 2025 दिन रविवार को लिखित परीक्षा लिया जाएगा।

सभी अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र व्यापम के वेबसाईट vyapamcg.cgsate.gov.in पर उपलब्ध है। लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं. साथ ही अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यू.आर.एल. को लिंक से भी सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओः स्वास्थ्य जांच, परामर्श शिविर का आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य, पंचायत, आयुष विभाग एवं स्व सहायता समूहों के साथ समन्वय स्थापित कर जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रक्तदान, एचबी, एनीमिया, स्वास्थ्य जांच, परामर्श शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में 365 गर्भवती माताओं एवं 630 किशोरी बालिकाओं का एनीमिया, एच.बी, बीएमआई, शुगर, बीपी जांच किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत 34 बच्चों का कुपोषण जांच किया गया तथा कुपोषण प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रक्तदान के महत्व, आयरन, प्रोटीनयुक्त खाद्य फल एवं सब्जियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में स्तनपान, पूरक पोषण आहार, एनीमिया, हीमोग्लोबिन की कमी के कारण, लक्षण, प्रभाव एवं इसके उपचार के उपाय आदि पर चर्चा करते हुए जानकारी दी गई। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन में विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पोषण आहार पर क्वीज प्रतियोगिता की भी आयोजन किया गया।

# छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न




**जांजगीर ।** 13 जून को कर्मचारी भवन जिला जांजगीर चांपा में संगठन की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश राठौर ने की बैठक की शुरुआत जिला सचिव जी एस उपाध्याय द्वारा द्वारा एजेंडा की जानकारी दी गई तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष महेश राठौर द्वारा संभागीय बैठक जो बिलासपुर में संपन्न हुई उसकी जानकारी देते हुए बताया कि विगत 3त्न डी आर के लिए पेंशनर एसोसिएशन का प्रयास सराहनीय रहा दो प्रतिशत डी आर के लिए आगामी 18 जून 2025 को प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ द्वारा ज्ञापन सौपने में पेंशनर एसोसिएशन भी शामिल होगा माह जुलाई में एक सम्मेलन आयोजित कर आठवें वेतनमान का लाभ पेंशनरों को दिए जाने हेतु एवं मेडिकल सुविधा की कैशलेस पेमेंट के साथ उपलब्ध कराने हेतु संघर्ष किया जाएगा ।बैठक को रमेश शर्मा उपाध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष राजेश तिवारी मीडिया प्रभारी चंद्रहास मिश्रा विनोद पांडे वरिष्ठ सदस्य ने संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान को बृहद रूप से चलाकर संगठन को मजबूत बनाएं बैठक में रामकिशोर शुक्ला मोहन लाल कश्यप गोपाल आदित्य अखिलेश तिवारी अंबिकेश पांडे बलराम चंद्रा दाऊ लाल राठौर विजय कुमार शुक्ला जीवन लाल चंद्रा अमरनाथ राठौर देवनारायण राठौर भीष्म प्रसाद हंसोलिया एस पी पटेल संतन सिंह राठौर हरिशंकर चंद्रा काशी श्रीवास डी आर वानी भागवत साहू गोपाल सिंह बनाफर आर डी साहू देवी प्रसाद साहू नरेश टेकाम दरस राम राठौर प्रताप सिंह चंद्र एन पी पटेल सुशील यादव नारायणी कटकवार वाय आर बाघमारे राधेश्याम पाण्डेय गोवर्धन राठौर महारथी राठौर नारद पांडेय भुनेश्वर चंद्रा दिलहरन तंबोली आर डी साहू सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का सफल संचालन जी एस उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन आरके द्विवेदी द्वारा किया गया।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत पतेरापाली खुर्द में शिविर का हुआ आयोजन



**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के मार्गदर्शन एवं जिला नोडल एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वाशु जैन के निर्देशन में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत सक्ती जिले के विभिन्न गांवों में राष्ट्रव्यापी जागरूकता सह लाभ संतृप्त शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आसपास के विभिन्न ग्रामों के पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित किया जाएगा। इसी क्रम में गत दिनांक 18 जून 2025 को ग्राम पंचायत पतेरापालीखुर्द विकासखण्ड सक्ती में क्लस्टर स्तरीय धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। धरती आबा जनभागीदारी अभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति को प्रात्रतानुसार व्यक्तिगत लाभ से संतृप्त किया जाना और इस अभियान के प्रति जागरूकता उत्पन्न किया जाना है। शिविर में बीडीसी श्रीमती मंजू जगत एवं सरपंच श्रीमती मानकी नेताम एवं विकासखण्ड जैजैपुर के ग्राम पंचायत रीवाडीह के आश्रित ग्राम अमलीडीह के सरपंच ईश्वर प्रसाद, ग्रामवासी व सम्बधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती सुश्री स्वप्निता सिंह ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष योजना बनी उम्मीद की किरण, खिले ग्रामीणों के चेहरे




**जांजगीर-चांपा।** 18 जून 2025/ धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के माध्यम से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत जॉब कार्डों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बम्हनीडीह की ग्राम पंचायत पूछेली की श्रीमती जानकी बाई और जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत छीतापाली के पवन कुमार खैरवार को अतिथियों के हाथों जॉब कार्ड प्रदान किए गए।

जॉब कार्ड प्राप्त करते ही पवन कुमार और श्रीमती जानकी बाई के चेहरे खुशी से खिल उठे। पवन कुमार ने बताया कि इस योजना से उन्हें बड़ी राहत मिली है और अब उन्हें स्थायी रोजगार के अवसर मिल सकेंगे, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। श्रीमती जानकी बाई ने भी योजना के लिए शासन और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा पहली बार ऐसा महसूस हो रहा है कि शासन की योजनाएं वास्तव में हम तक पहुँच रही हैं। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के माध्यम से नरेगा जैसी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुँच रहा है, जिससे वे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। इस योजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत सरकार द्वारा विशेष रूप से जनजातीय समुदायों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से मनरेगा जैसी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र परिवारों तक पहुँचाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक और आत्मिक बल मिल रहा है। कार्यक्रम में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध रेत उत्खनन, परिवहन पर जिला टास्क फोर्स की कड़ी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में जिला टास्क फोर्स द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर सख्त रुख अपनाते हुए आज जिलेभर में एक साथ व्यापक कार्रवाई की गई। कलेक्टर महोबे ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन गतिविधियों को किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

खनिज अधिकारी अनिल साहू ने बताया कि राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स टीम द्वारा संचालित इस कार्रवाई में 77 ट्रैक्टर, 09 हाईवा एवं 01 जेसीबी मशीन जप्त की गईं। इस संयुक्त अभियान में उन स्थलों को विशेष रूप से चिह्नित किया गया जहां पूर्व में अवैध उत्खनन की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इनमें प्रकरण दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही बम्हनीडीह तहसील अंतर्गत 03 ग्रामों में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के लिए बनाये गये मार्गों को अवरुद्ध भी किया गया।

खनिज अधिकारी ने कहा कि कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं एवं भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 (5) तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 (5) के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**अवैध ईंट भट्ठियों पर कार्रवाई** -तहसील जांजगीर के ग्राम कनई में शासकीय भूमि एवं गौठान क्षेत्र में संचालित अवैध ईंट भट्ठियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।


**आवश्यकता है**

**बैकुंठपुर स्थित फर्म श्री नरेंद्र कमर्शियल**

डिस्ट्रीब्यूटर - M.D.H मसाले को सेल्स Representative (S.R) की अतिशीघ्र आवश्यकता है।

S.R की नियुक्ति M.D.H
- मसाले के कंपनी पे-रोल पर रहेगी।
- सैलरी - योग्यतानुसार
- बायो डाटा के साथ अतिशीघ्र सम्पर्क करें,
- स्थानीय युवकों को वरीयता

**-पता-**
**श्री नरेंद्र कमर्शियल, मिश्रा काम्प्लेक्स, भांड़ी, मेन रोड, बैकुंठपुर जिला कोरिया (छत्तीसगढ़)**

**-संपर्क नंबर-**
**9340945160**
**8889909241**


# व्यापारिक नेतृत्व को नई दिशाः अमर सुल्तानिया बने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश कार्यकारी महामंत्री

## व्यापारिक प्रगति के लिए नई कार्यकारिणी में निभाएंगे सक्रिय भूमिका



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की प्रदेश कार्यकारिणी में स्थानीय उद्योगपति एवं समाजसेवी अमर सुल्तानिया को कार्यकारी प्रदेश महामंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी द्वारा की गई, जिन्होंने व्यापारिक हितों और राज्य की औद्योगिक प्रगति को गति देने के उद्देश्य से अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया।

अमर सुल्तानिया लंबे समय से व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी नियुक्ति से जांजगीर-चांपा सहित पूरे अंचल के व्यापारियों में उत्साह का माहौल है। चेम्बर की नई टीम में उनके साथ कपिल दोशी, विकास आहूजा, दिलीप इसरानी (उपाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी) और अनिल जोतसिंघानी (सांस्कृतिक प्रभारी) को भी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।

इस अवसर पर सुल्तानिया ने प्रदेश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान करने के लिए संगठन के अध्यक्ष सतीश थौरानी को धन्यवाद देते हुए कहा कि, यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा। खासकर जांजगीर-चांपा जैसे उभरते व्यापारिक क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

गौरतलब नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश महामंत्री अमर सुल्तानिया वर्षों से जांजगीर-चांपा सहित समूचे छत्तीसगढ़ में व्यापारियों की समस्याओं को समझते हुए निरंतर समाधान हेतु प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने उद्योगों को बढ़ावा देने, नीति सुधार में भागीदारी निभाने और स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को सशक्त करने में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी यह प्रतिबद्धता चेम्बर में भी परिलक्षित होगी।

उनकी इस नियुक्ति को व्यापारिक समुदाय ने सकारात्मक संकेत के रूप में देखा है और उम्मीद जताई है कि चेम्बर की नई कार्यकारिणी प्रदेश के व्यापारिक वातावरण को और सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

अमर सुल्तानिया की नियुक्ति से जांजगीर-चांपा सहित बिलासपुर संभाग व पुरे अंचलभर के व्यापारियों में उत्साह है। प्रदेशभर से उन्हें शुभकामनाएं और बधाइयाँ मिल रही हैं।

## युक्तियुक्तकरण से एकल शिक्षकीय शाला नन्दौरकलॉ में शिक्षकों की समुचित व्यवस्था से लौटेगी रौनक



**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश सहित जिलों में शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। जिले में युक्तियुक्तकरण के पूर्व एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला 128 थे। जिसमें सभी शासकीय प्राथमिक शाला में समुचित शिक्षकों की व्यवस्था कर दिया गया है। इसी क्रम में सक्ती जिले के एकल शिक्षकीय विद्यालय नन्दौर कलॉ में नए शिक्षक मिल जाने से यहां के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई नही होगी और परिणाम भी अच्छा आ सकेगा। स्कूल में शिक्षक की समुचित व्यवस्था से छात्रों को विद्यालय में पढ़ाई करने में किसी प्रकार का कोई असुविधा उत्पन्न नहीं होगी। युक्तियुक्तकरण से पालकों में नया विश्वास जगा है और वे पुनः अपने बच्चों का नामांकन स्थानीय शाला में कराने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। शिक्षकों की उपलब्धता से न केवल पढ़ाई के स्तर पर सुधार होगा बल्कि विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों में भी हर्ष का वातावरण व्याप्त होगा। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन से यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध है। इस प्रकार सभी को समान शिक्षा की सुलभता हेतु राज्य सरकार द्वारा की गई ऐतिहासिक पहल से एकल शिक्षकीय शालाओं की रौनक लौट आई है।

## अनमोल वचन......

अहसास भी जरूरी है जीने के लिए
हर वक्त कोई साथ तो नहीं होता ना..

## सुलभ, पारदर्शी और समावेशी न्याय सबकी जरूरत

*प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई का यह कहना कि न्यायिक निर्णय लेने में प्रौद्योगिकी को मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं लेना चाहिए अत्यंत विचारणीय तथ्य है, प्रौद्योगिकी मानव मस्तिष्क का स्थान भला कैसे ले सकती है जबकि उसकी भूमिका सहायक से अधिक नहीं हो सकती।*

*न्यायमूर्ति गवई लंदन विविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में 'भारतीय कानूनी पण्राली में प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उनका यह कहना बिल्कुल उचित है कि स्वचालित वाद सूचियों, 'डिजिटल कियोस्क' और आभासी सहायकों जैसे नवाचारों का स्वागत किया जा सकता है। पर विवेक, सहानुभूति और न्यायिक व्याख्या बेशकीमती हैं।प्रौद्योगिकी इनका स्थान कभी नहीं ले सकती। भारत के पास तकनीकी दक्षता, दूरदर्शिता और लोकतांत्रिक जनादेश है, जिससे समानता, सम्मान और न्याय के हमारे मूल्यों को प्रतिबिंबित करने वाली पण्रालियां विकसित की जा सकती हैं। प्रधान न्यायाधीश का पद ग्रहण करते ही न्यायमूर्ति गवई ने न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती प्रौद्योगिकियों के नैतिक उपयोग पर उच्चतम न्यायालय के अनुसंधान और योजना केंद्र के साथ चर्चा की शुरुआत की थी।प्रधान न्यायाधीश की इस बात से सहमत हुए बिना नहीं रहा जा सकता कि प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवीय विवेक का स्थान लेने के लिए न किया जाए। हालांकि कुछ मामलों में न्यायपालिका ने प्रौद्योगिकी को अपनाना शुरू किया है, लेकिन एआई के इस्तेमाल के मामले में केस प्रबंधन से लेकर कानूनी अनुसंधान, और दस्तावेज के अनुवाद तक भरपूर सावधानी जरूरी है। दुनिया भर में कानूनी पण्रालियों में एआई के नैतिक उपयोग पर गंभीर बहस चल रही है। एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रह, गलत सूचना, आंकड़ों में हेरफेर और गोपनीयता जैसे मामलों ने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। पीड़ित की पहचान उजागर होने का खतरा भी बना रहता है। इस मामले में स्पष्ट प्रोटोकॉल नहीं है। दूसरे, एआई उपकरणों के उचित विनियमन और निगरानी के अभाव में वे मनगढ़ंत उद्धरण या पक्षपातपूर्ण सुझाव दे सकते हैं। न्याय तक पहुंच केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक साझा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। सुलभ, पारदर्शी और समावेशी न्याय सबकी जरूरत है।*

## राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके बिजनेस की गति धीमी रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। आज आलस और सुस्ती अपने ऊपर हावी न होने दें और समय की कीमत को पहचानिए। नजदीकी रिश्तों में स्वार्थ की भावना नजर आएगी। कोई पुरानी जायदाद संबंधित समस्या उठ सकती है।

वृष राशि- आज का दिन खुशियां लेकर आया है। नौकरीपेशा से जुड़े लोगों को आज अचानक पैसे की आवश्यकता पड़ सकती है। सगे -संबंधियों से आपको सहायता मिल जाएगी। आज किसी भी स्थिति में आपको अपने समय का ख्याल रखना चाहिए। याद रखिए अगर समय की कदर नहीं करेंगे, तो इससे आपको ही नुकसान होगा।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूरा ना होने के कारण आपको थोड़ी समस्या होगी। आज आपकी योग्यता लोगों के सामने आएगी, इसलिए लोगों की परवाह न करके अपने कार्यों पर ध्यान रखें। राजनीतिक कामों में हाथ आजमा रहे लोगों को आज किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे,जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवन साथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहने वाला है। किसी कानूनी मामले में भी आज आपको जीत मिलने के योग बन रहे है, लेकिन इसके बावजूद आप परिवार में किसी सदस्य से किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप ऑफिस में बॉस द्वारा दिये गये काम को अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे तो आपका इन्क्रीमेंट हो सकता है। इस राशि के छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरूकता पैदा होगी। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने का मौका मिलेगा। बच्चों से संबंधित आपको कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरुरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर कुछ खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए समान्य रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगीयो से मदद मिलेगी जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्त्व मिलेगा। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको प्रभावित होंगे। अगर आपका पैसा कहीं फसा है तो उसे हासिल करने के लिए आज अच्छा दिन है।

कुम्भ राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे जल्द ही आपकी सफलता के योग बन रहे हैं। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपने कोच से कुछ नया सीखेंगे और अपना अच्छा परफॉरमेंस देंगे। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

# भारत वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर

//डॉ. मनसुख मांडविया//

**वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में हमारी यात्रा अनवरत जारी है, और इस दृष्टि योजना के सबसे प्रभावकारी शक्तियों में भारतीय खेलों का उदय भी शामिल है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्या धुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है।**

हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है। दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 या मंगोलिया के उलानबटार में चौथी विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला हो, हमारे खिलाड़ियों ने धैर्य और गौरव के साथ दमदार प्रदर्शन किया। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में, भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किए और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वशस्तर कर दिए।

इसी दौरान हमारी महिला पहलवानों ने इतिहास रच दिया। मंगोलिया से वे रिकॉर्ड 21 पदक जीतकर लौटीं जो विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। पर यह सफलता रातोंरात नहीं मिली है। इससे पहले, भारत ने पूर्व के 23 आयोजनों (आजादी से पहले सहित) में केवल 26 ओलंपिक पदक जीते थे। जबकि 2016, 2020 और 2024 के पिछले तीन आयोजनों में ही भारत ने 15 पदक जीते हैं। पैरालिंपिक खेलों में प्रदर्शन और भी बेहतर रहा है। 1968 से 2012 के बीच कुल 8 पदक जीतने वाले भारत ने पिछले तीन आयोजनों में 52 पदक हासिल किए हैं, जिसमें पेरिस 2024 में जीते गए रिकॉर्ड 29 पदक शामिल हैं।

ये उपलब्धियां कोई संयोग नहीं हैं। ये पिछले ग्यारह वर्षों में तैयार किए गए प्रदर्शन-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का सुखद परिणाम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट और केंद्रित दृष्टिकोण है कि प्रत्येक एथलीट, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो उसे विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, ढांचागत सुविधा, वित्तीय सहायता, एथलीट-केंद्रित सुशासन और आगे बढ़ने के लिए पारदर्शी प्रणाली की पहुंच मिलनी चाहिए। वर्ष 2014 से मोदी सरकार ने परिवर्तनकारी बदलाव से मजबूत नींव रखकर भारतीय खेलों के परिदृश्य को नया रूप दे दिया है।

इन सुधारों के केंद्र में शीर्ष एथलीटों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए 2014 में आरंभ की गई टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना-टॉप्सक (टीओपीएस) शामिल है। 75 एथलीटों के साथ आरंभ हुई यह योजना अब लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक आयोजन के लिए 213 खिलाड़ियों को सहयोग देने के साथ व्यािपक हो गई है। इसमें 52 पैरा-एथलीट और विकास श्रेणी के 112 एथलीट शामिल हैं। उन खेल संवर्गों में एथलीटों को मदद देने की नई योजनाएं भी आरंभ की गई हैं, जिन पर पारंपरिक रूप से कम ध्यान जाता है। इस वर्ष आरंभ किया गया लक्ष्य एशियाई खेल समूह (द टार्गेट एशियन गेम्सा ग्रुप-टीएजीजी) तलवारबाजी, साइकिलिंग, घुड़सवारी, नौकायन, कयाकिंग और कैनोइंग, जूडो, ताइक्वांडो, टेनिस, टेबल टेनिस और वुशू जैसे 10 खेलों में 40 पदक संभावनाएं बढ़ाता है।

खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के प्रयासों में दूरदर्शिता के साथ-साथ वित्तीय प्रतिबद्धता भी महत्वापूर्ण है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का बजट पिछले दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है और यह 2013-14 के महज 1,219 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 3,794 करोड़ रुपये पहुंच गया है। जमीनी स्तर पर बुनियादी खेल ढांचा विकसित करने और वर्ष भर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्यख से 2017 में आरंभ की गई खेलो इंडिया योजना का बजट इस वर्ष बढ़कर 1,000 करोड़ रुपये हो गया है। इन निवेशों से खेल प्रतिभाएं पोषित हो रही हैं और युवा एथलीटों के लिए एक जीवंत प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित हो रहा है।

राष्ट्रीय खेल महासंघों को भी अभूतपूर्व व्याजपक समर्थन मिला है। अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए उन्हेंर दी जाने वाली वित्तीय सहायता लगभग दोगुनी हो गई है। खेल प्रशिक्षकों-कोच को दी जाने वाली राशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण की बढ़ती आवश्यमकता को देखते हुए एथलीटों के खुराक भत्ते में बढ़ोतरी की गई है।

ऐसे केंद्रित प्रयास भारत को अपनी पदक क्षमता में विविधता लाने और विभिन्नह खेलों में उत्कृष्टकता हासिल करने में सहायक बन रहे हैं। पारदर्शिता पर जोर इस दिशा में किए गए सबसे प्रभावशाली सुधारों में एक है। सभी महासंघों को अब चयन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग और प्रमुख आयोजनों के लिए चयन मानदंड दो साल पहले ही निर्धारित करना आवश्य क बनाया गया है। इससे निष्पक्षता के साथ ही एथलीटों में विश्वास बढ़ता है और यह व्यावस्थाण को योग्यता आधारित बनाती है। एथलीट-केंद्रित सुधार निश्चित रूप से हाल की खेल नीति निर्माण में उल्ले। खनीय रहे हैं। खेल प्रमाणपत्र अब डिजिलॉकर द्वारा जारी किए जाते हैं जो राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली से जुड़े होते हैं। इससे एथलीटों को सुरक्षित और हेराफेरी से मुक्ता डेटा रिकॉर्ड सुनिश्चित होता है। राष्ट्रीय खेल नीति 2024 और राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे का कार्य अभी अपने अंतिम चरण में है। इनका उद्देश्य खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना और खिलाड़ियों के कल्याण को नीति निर्धारण के केंद्र में लाना है। आयु संबंधी धोखाधड़ी से अब नई मेडिकल जांच और सख्त दंड के प्रावधानों द्वारा निपटा जा रहा है। इनके बेहतर अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए खेल संघों को सत्यनिष्ठा अधिकारी नियुक्त करने की भी आवश्यकता है।

ओलंपिक खेलों के अलावा, मल्लखंब, कलारीपयट्टू, योगासन, गतका और थांग-ता जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों को खेलो इंडिया गेम्स द्वारा पुनर्जीवित और बढ़ावा दिया जा रहा है। कबड्डी और खो-खो जैसे स्वदेशी खेलों को अब अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है, जो भारत की समृद्ध खेल विरासत को दर्शाते हैं।

खेल के क्षेत्र में लैंगिक समानता के प्रयास भी उल्लेखनीय हैं। खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आरंभ की गई एएसएमआईटीए-अस्मियता लीग (महिलाओं को प्रेरित कर खेल उपलब्धि हासिल करना) को तेजी से विस्तारित किया गया है। वर्ष 2021-22 में जहां केवल 840 महिला एथलीट खेलों में सक्रिय थीं वहीं, 2024-25 में 26 खेल संवर्गों में 60,000 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। अस्मिता लीग इन एथलीटों को खेलो इंडिया से जोड़कर प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करती है।

पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 के 38 खेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से व्यातपक होकर अब यह संख्या बढ़कर 350 पहुंच गई है। भारतीय खेल प्राधिकरण अभी 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र संचालित कर रहा है जिनमें टॉप्स और खेलो इंडिया के तहत शीर्ष एथलीटों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा, 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 34 राज्य स्त रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही 757 जिलों में 1,048 खेलो इंडिया केंद्र भी स्थापित किए गए हैं जो खेल प्रतिभाओं को जमीनी स्तर पर खोजने और उन्हेंक पोषित-प्रशिक्षित करते हैं।

खेलो इंडिया गेम्स अब एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है। अब तक इसके उन्नीस संस्करण आयोजित हुए हैं - जिनमें युवा, विश्वविद्यालय, पैरा, शीतकालीन और बीच गेम्स शामिल हैं - जिनमें 56,000 से अधिक एथलीट भाग लेते हैं। विशेष रूप से, खेलो इंडिया पैरा गेम्स परिवर्तनकारी रहे हैं जिनके कई एथलीट पैरालिंपिक में पदक जीत चुके हैं। भारत, भविष्य में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दावेदारी की तैयारी कर रहा है। इसके लिए खेलो इंडिया के तहत स्कूल गेम्स, ट्राइबल गेम्स, नॉर्थईस्ट गेम्स, वाटर गेम्स, मार्शल आर्ट्स गेम्स और स्वदेशी गेम्स जैसे नए क्षेत्रों में खेल आरंभ किए जा रहे हैं ताकि साल भर प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा की खोज सुनिश्चित हो सके। आगामी खेलो इंडिया स्कूल गेम्स कम आयु में ही एथलीटों की पहचान और उन्हें प्रशिक्षित कर खेल पारिस्थितिकी तंत्र में नई प्रतिभा को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सिर्फ खेल ही नहीं, फिटनेस के प्रति सामुदायिक भागीदारी के उद्देश्यह से दिसंबर 2024 में आरंभ किए गए फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान ने भी गति पकड़ ली है। सिर्फ 150 प्रतिभागियों के साथ आरंभ हुआ यह अभियान अब 10,000 स्था नों पर विस्तागरित हो गया है जिसमें साढ़े तीन लाख से अधिक लोग सक्रियता से भाग ले रहे हैं। एक जून को आयोजित 25वें संस्करण में इसे सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने और विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर तिरंगा रैली के रूप में मनाया गया। रैली में जम्मू-कश्मीर के दूरदराज के जिलों सहित 5,000 स्थानों से 75,000 से अधिक लोग शामिल हुए। इन साप्ताहिक कार्यक्रमों में फिटनेस का संदेश प्रचारित करने के लिए डॉक्टर, सरकारी कर्मचारी, शिक्षक सहित विभिन्न समूह शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को सही सिद्ध करते हुए फिट इंडिया मूवमेंट देश के हर घर तक फिटनेस का संदेश पहुंचा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भविष्यस दृष्टि योजना है कि जब हम 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करें तो भारत खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल हो और 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक शीर्ष 5 देशों में शामिल हो जाए। इस दृष्टि योजना को पूरा करने के लिए काफी कुछ किया गया है, लेकिन अभी भी बहुत हासिल करना बाकी है। मजबूत आधार के लिए, शासन में प्रमुख सुधार लागू किए गए हैं, जो देश में खेलों के विकास के लिए अहम हैं। आज भारत की खेल क्रांति दृष्टि, संकल्प और समावेशी विकास की गाथा है। इस परिवर्तन के केंद्र में हमारे युवा हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। पदकों की लगातार बढ़ती संख्या् से लेकर जीतने की मानसिकता तक में भारी बदलाव दिख रहा है। विकसित भारत की ओर दृढ़ता से बढ़ते हमारे कदम - खेल भावना से संचालित हैं।

# अंतरिक्ष में भारत की खगोलीय यात्रा के 11 वर्ष

//डॉ. जितेन्द्र सिंह//

**केरल के थुंबा में मछली पकड़ने वाले शांत गाँव के चर्चयार्ड से साउंडिंग रॉकेट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुई भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक दिन देश कितनी ऊँचाईयों को छूएगा। यह समय दृढ़ संकल्प का था, जब सितारों तक पहुँचने का सपना सीमित साधनों, लेकिन असीम महत्वाकांक्षा के साथ परवान चढ़ा।**

आज, वह सपना विकसित होकर एक राष्ट्रीय मिशन का रूप अख्तियार कर चुका है, और जब हम नरेन्द्र मोदी सरकार के ग्यारह वर्षों को चिन्हित कर रहे हैं, तो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में आमूल-चूल बदलाव आ चुका है ङ्क यह साहसपूर्ण, समावेशी और आम नागरिकों के जीवन से गहराई से संबद्ध है।

यह परिवर्तन केवल रॉकेट और उपग्रहों से ही संबंधित नहीं है, अपितु यह लोगों के बारे में है। यह दर्शाता है कि दूरदराज के गाँव के किसान से लेकर डिजिटल कक्षा के छात्र तक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी किस प्रकार रोजमर्रा की जिंदगी की लय में खामोशी से शामिल हो चुकी है । प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अंतरिक्ष विभाग के रणनीतिक नेतृत्व में, भारत ने विकास, सशक्तिकरण और अवसर के उपकरण के रूप में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की नए सिरे से परिकल्पना की है।

साल 2014 से शुरू किए गए सुधारों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। 2020 में इन-स्पेस की स्थापना ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे नवाचार की लहर उठी। आज, 300 से अधिक अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उपग्रह बना रहे हैं, प्रक्षेपण वाहन डिजाइन कर रहे हैं तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेविगेशन के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप केवल प्रौद्योगिकी ही सृजित नहीं कर रहे हैं - वे खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में युवा इंजीनियरों और उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसरों का भी सृजन कर रहे हैं। उदारीकृत अंतरिक्ष नीति ने अंतरिक्ष सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बना दिया है, जिससे उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंच रहा है। भारत के उपग्रह अब मौसम पूर्वानुमान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनकी बदौलत किसानों को अपनी बुवाई और कटाई के चक्रों की योजना अधिक सटीकता से बनाने में मदद मिलती है। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में, उपग्रह डेटा प्रारंभिक चेतावनी और आपदा प्रतिक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे जीवन और आजीविका की रक्षा होती है। चक्रवातों और सूखे के दौरान रिमोट सेंसिंग के कारण अधिकारियों को तैयार रहने और नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। ग्रामीण क्लीनिकों में, उपग्रह कनेक्टिविटी द्वारा संचालित टेलीमेडिसिन की बदौलत शहरी केंद्रों के डॉक्टरों द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में रोगियों को परामर्श मुमकिन हो पाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवा से संबंधित खाई पाटना संभव होता है। सैटेलाइट बैंडविड्थ द्वारा समर्थित ई-लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म यह सुनिश्चित करते हुए कि भूगोल अब सीखने में बाधा नहीं रहा है, दूर-दराज के गाँवों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं।

भारत के स्वदेशी जीपीएस नेटवर्क-नाविक प्रणाली का इस्तेमाल अब वाहनों में नेविगेशन, ट्रेनों और जहाजों पर नज़र रखने और मछुआरों को किनारे पर सुरक्षित वापस लाने के लिए किया जाता है। कृषि में, उपग्रह परामर्श से किसानों को मिट्टी की नमी, फसल की सेहत और कीटों के संक्रमण की निगरानी करने में मदद मिलती है, जिससे उचित निर्णय लेने और बेहतर पैदावार प्राप्त करने में मदद मिलती है। ये काल्पनिक लाभ नहीं हैं, बल्कि - ये लाखों लोगों के जीवन में आया वास्तविक, उल्लेखनीय सुधार हैं।

बीते दशक में शुरू किए गए मिशनों ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। मंगलयान भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए अपने पहले ही प्रयास में मंगल पर पहुँच गया। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरा, ऐसा क्षेत्र जहां बर्फ होने का अनुमान है, और इसके रोवर ने ऐसे प्रयोग किए जो भविष्य के चंद्र मिशनों को जानकारी प्रदान करेंगे। आदित्य-एल1 अब सौर तूफानों का अध्ययन कर रहा है, जिससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के मौसम तथा संचार प्रणालियों और बिजली ग्रिड पर इसके प्रभाव को समझने में मदद मिल रही है। साल 2027 के लिए निर्धारित गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा।

लेकिन चालक दल की उड़ान से पहले ही, यह मिशन नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है। अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रणालियों का विकास और चालक दल रहित परीक्षण उड़ानें व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर रही हैं - अनुसंधान को बढ़ावा दे रही हैं, प्रतिभाओं को आकर्षित कर रही हैं और राष्ट्रीय गौरव का निर्माण कर रही हैं। भविष्य पर गौर करते हुए, भारत 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन- भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन- बनाने की योजना बना रहा है। पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च होने की उम्मीद है, और अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग की हाल की सफलता ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए आवश्यक तकनीकों की पुष्टि की है। यह स्टेशन दीर्घकालिक निवास और अनुसंधान का अवसर देगा, जिससे गहन अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों के लिए द्वार खुलेंगे।

## तस्वीरों की दुनिया


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रोएशिया के ज़ाग्रेब पहुंचने पर भारतीय समुदाय के सदस्यों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।


मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल में ग्रामीण रंग पर्यटन संग कार्यक्रम में शामिल हुए।


छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सिविल लाइंस, रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कैबिनेट बैठक हुई।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।


उत्तराखंड के केदारनाथ में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर जंगलचट्टी के पास भूस्खलन के बाद बचाव अभियान जारी है, जिसमें पांच लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें दो कुली भी शामिल हैं, जिनकी एक महिला तीर्थयात्री की मदद करते समय मौत हो गई।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की शिकायतें सुनीं।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के कनानास्किस में 51वें जी7 शिखर सम्मेलन के अवसर पर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जोसेफ कार्नी से मुलाकात की।

# रणभूमि से नहीं निकल सकता समस्याओं का समाधान, क्रोएशिया में बोले पीएम मोदी

**जगरेब, 19 जून [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और क्रोएशिया इस बात पर सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान रणभूमि से नहीं निकल सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान में मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक योजना बनाई जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने और उनके क्रोएशियाई समकक्ष ने द्विपक्षीय संबंधों को तीन गुना गति देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। आतंकवाद लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों का शत्रु है। चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों में नहीं हो सकता और संवाद व कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है।

उनकी यह टिप्पणी इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के बीच आई है। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद से लड़ने में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए क्रोएशिया का आभार भी जताया। मोदी ने कहा कि किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है।बैठक के दौरान मोदी ने यह भी कहा कि यह एक सुखद



संयोग है कि उन्हें और प्लेंकोविक को पिछले साल अपने-अपने देशों के लोगों द्वारा तीसरा कार्यकाल का अवसर दिया गया। प्लेंकोविक ने बताया कि बैठक के दौरान कृषि, संस्कृति और विज्ञान के क्षेत्रों में सहयोग के चार एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए तथा आइसीसीआर व जगरेब विश्वविद्यालय के बीच इंडोलाजी के अध्ययन से संबंधित एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमएमईसी) को क्षेत्रीय संपर्क के लिए एक उत्कृष्ट अवसर बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर बताया कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-क्रोएशिया द्विपक्षीय संबंधों के सभी आयामों की समीक्षा की और डिजिटल प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, समुद्री बुनियादी ढांचे, पर्यटन व आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के अवसर तलाशे। दोनों नेताओं ने भारत-यूरोपीय संघ के रणनीतिक संबंधों को और गहरा करने का भी आह्वान किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में बुधवार सुबह क्रोएशिया पहुंचे। वह क्रोएशिया की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।प्रधानमंत्री प्लेंकोविक ने विशेष सद्भावना दर्शाते हुए हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। प्लेंकोविक ने कहा कि मोदी की यात्रा एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक क्षण में हुई है।

दोनों देश अपने संबंधों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं और कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए वातावरण बना रहे हैं। इसके बाद मोदी के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। इसमें क्रोएशियाई नागरिकों के एक समूह द्वारा गायत्री मंत्र का जाप भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्लेंकोविक के साथ उपहारों का आदान-प्रदान भी किया तथा जगरेब स्थित बैंस्की ड्वोरी में एक पुस्तक पर हस्ताक्षर किए। प्लेंकोविक ने बताया, प्रधानमंत्री मोदी को मैंने वेजडिन के संस्कृत व्याकरण का पुनर्मुद्रण सौंपा। यह पहला मुद्रित संस्कृत व्याकरण है, जिसे क्रोएशियाई विज्ञानी और मिशनरी इवान फिलिप वेजडिन (1748-1806) ने 1790 में लैटिन में लिखा था, जो केरल के ब्राह्मणों और स्थानीय पांडुलिपियों से भारत में रहने के दौरान प्राप्त ज्ञान पर आधारित था।

# अब ईरान पर होगा फाइनल वार! अमेरिका ने भेजे लड़ाकू विमान और युद्धपोत

## ब्रिटेन भी आया साथ, लोगों को शहर छोड़ने का अल्टीमेटम

**तेहरान, 19 जून [एजेंसी]।**

ईरान ने जंग का एलान कर दिया है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा है कि ईरान अब इजरायल के प्रति किसी तरह की दया नहीं दिखाएगा। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बिना शर्त आत्मसमर्पण करने के संदेश पर उन्हें आगाह किया है कि ईरान पर हमलों में अमेरिका शामिल हुआ तो उसे अपूरणीय क्षति उठानी पड़ेगी। इस बीच इजरायल और ईरान के बीच बुधवार को छठे दिन भी एक-दूसरे पर हमले जारी रहे, इनमें दोनों पक्षों को जान-माल का नुकसान उठाना पड़ रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि वह संघर्षविराम से बड़ा कुछ करने पर विचार कर रहे हैं। यह ऐसा कदम होगा जिससे हमेशा के लिए युद्ध का अंत हो जाएगा। इस बयान के बाद ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक की है। साथ ही पश्चिम एशिया में लड़ाकू विमान और युद्धपोत भेजे हैं। हर लड़ाई में अमेरिका के घनिष्ठ सहयोगी रहे ब्रिटेन ने भी पश्चिम एशिया लड़ाकू विमान भेज दिए हैं। इसी दौरान ट्रंप ने तेहरान के आकाश पर कब्जा होने और ईरानी राजधानी के निवासियों को शहर छोड़ने जैसे बयान दिए हैं। ये बयान इजरायली सेना के दो दिन पूर्व दिए बयान जैसे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा है कि अब ईरान से बात नहीं होगी, बुधवार को इजरायल ने भी इसी वाक्य को दोहराया और कहा कि ईरान के खिलाफ उसकी सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी। जवाब में ईरान ने इजरायल की राजधानी तेल अवीव और हाइफा से आमजनों को जाने के लिए कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति का ताजा रुख ईरान पर इजरायली हमला शुरू होने वाले दिन शुक्रवार से अलग है।

उस दिन उन्होंने इस लड़ाई से दूर रहने की बात कही थी। अगर अमेरिका ईरान पर हमलों में शामिल होता है तो युद्ध के पश्चिम एशिया और पूरे अरब जगत में फैलने का खतरा पैदा हो जाएगा। क्योंकि अमेरिका के कतर, बहरीन, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इराक, जार्डन और सीरिया में सैन्य अड्डे हैं या सैनिकों की तैनाती है। खामेनेई ने ईरान पर अमेरिका का हमला होने की स्थिति में इन्हीं अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई को लेकर आगाह किया है। इजरायल का ताजा हमला ईरान में यूरेनियम शोधन करने वाले सेंट्रीफ्यूज और बैलेस्टिक मिसाइल के हिस्से बनाने के कारखानों पर हुआ है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के सूत्रों ने कहा है कि इजरायल के हवाई हमलों में तेहरान के नजदीक के इन कारखानों को निशाना बनाया गया है। इजरायल ने तेहरान में सामुदायिक चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था रेड क्रिसेंट की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है।

# भारत ने शुरू किया ऑपरेशन सिंधु, ईरान में फंसे 100 भारतीय स्टूडेंट्स लौटे वतन

**नईदिल्ली, 19 जून [एजेंसी]।**

इजरायल-ईरान युद्ध के बीच भारत सरकार ने ईरान में रह रहे भारतीयों की सकुशल घरवापसी के लिए आपरेशन सिंधु की शुरुआत की है। इस आपरेशन के जरिए भारतीयों को सुरक्षित ईरान से लाया जाएगा। इस बीच तेहरान के केशवर्ज स्ट्रीट इलाके में मेडिकल छात्रों के छात्रावास पर हुए हमले में कुछ भारतीय छात्रों के घायल होने की खबरें आई है। ईरान में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ाई करते हैं। इन सभी को वापस लाने की तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। इस कड़ी में ईरान के उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्रों को सुरक्षित रूप से आर्मेनिया लाया गया है। ये सभी छात्र भारत लाए जा रहे हैं। ईरान से भारत लाए जा रहे छात्रों का पहला जत्था गुरुवार को भारत पहुंचेगा। विदेश मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि यह उन कदमों का हिस्सा है, जो सरकार ने ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए पिछले कई



दिनों में उठाए हैं। भारत सरकार ने कहा कि वह निकासी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ईरान और आर्मेनिया की सरकारों के प्रति आभारी है।विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। ईरान में भारतीय दूतावास बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों को सुरक्षित क्षेत्रों में जाने और बाद में उन्हें निकालने में सहायता कर रहा है।

विदेश मंत्रालय ने ईरान में भारतीय नागरिकों को सलाह दी कि वे तेहरान में भारतीय दूतावास के आपातकालीन हेल्पलाइन और नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय द्वारा स्थापित 2437 नियंत्रण कक्ष के माध्यम से संपर्क में रहें। वहीं, दिल्ली में ईरानी दूतावास के अधिकारियों ने कहा कि कुछ छात्रों के घायल होने के बाद ईरानी विदेश मंत्रालय तेहरान में भारतीय मिशन के साथ संपर्क में है। भारतीय पक्ष की ओर से इस घटना पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।वहीं, दिल्ली में ईरानी दूतावास के अधिकारियों ने कहा कि कुछ छात्रों के घायल होने के बाद ईरानी विदेश मंत्रालय तेहरान में भारतीय मिशन के साथ संपर्क में है। भारतीय पक्ष की ओर से इस घटना पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

## एयर इंडिया के चेयरमैन ने हादसे के बाद तोड़ी चुप्पी मांगी माफी, बोले- हम पीड़ित परिवारों के साथ

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बुधवार को 12 जून को लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट दुर्घटना पर सार्वजनिक रूप से दुख व्यक्त किया। हादसे पर चुप्पी तोड़ते हुए प्लेन हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मांफी मागी। चंद्रशेखरन ने एयर इंडिया के विमान की दुर्घटना के बारे में एक निजी चैनल के साथ विशेष बातचीत में कहा कि यह एक बेहद मुश्किल स्थिति है, जहां मेरे पास मृतकों के परिवारों को सांत्वना देने के लिए कोई शब्द नहीं हैं। चंद्रशेखरन ने कहा कि मुझे बेहद अफसोस है कि यह दुर्घटना टाटा द्वारा संचालित एयरलाइन में हुई। और इसका मुझे बहुत दुख है। हम इस समय केवल इतना कर सकते हैं कि हम परिवारों के साथ रहें, उनके दुख में साथ दें। हम इस समय और उसके बाद भी उनका समर्थन करने के लिए सब कुछ करेंगे।

## देश में कच्चे तेल की नहीं होगी कमी, ईरान-इजरायल के बीच केंद्रीय मंत्री पुरी ने दिया आश्वासन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को आश्वासन दिया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कच्चे तेल की न तो कोई कमी होगी और ईंधन की कीमतों में भी स्थिरता का अनुमान है। केंद्रीय मंत्री का यह आश्वासन ऐसे समय में आया है जब ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष से संभवतः पूरी दुनिया में मैन्यूफैक्चरिंग वस्तुओं की लागत बढ़ सकती है, क्योंकि ईरान कच्चे तेल के प्रमुख उत्पादकों में से एक है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पिछली कटौती (नवंबर 2021, मई 2022 और मार्च 2024) पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने एक अनुशासित मूल्य निर्धारण दृष्टिकोण बनाए रखा है और आगे कोई बड़ा व्यवधान नहीं दिखता है। इससे पहले सोमवार को पुरी ने कहा था कि अंडमान में एक बड़ा तेल और गैस भंडार मिला है। उन्होंने कहा था कि भारत अपने पारंपरिक जीवाश्म आधारित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहा है। इस बीच समाचार एजेंसी आईएएनएस को एक साक्षात्कार में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था सालाना 6.5 प्रतिशत की दर से लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में आठ ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।मंत्री ने कहा कि भारत पहले ही दो ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका है और 6.5 प्रतिशत की मौजूदा विकास दर के साथ, हम निकट भविष्य में आठ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

# ट्रंप से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचा पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर क्या इजरायल-ईरान संघर्ष पर बड़ा फैसला लेगा पाकिस्तान ?



**वॉशिंगटन, 19 जून [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने के लिए वाशिंगटन डीसी स्थित व्हाइट हाउस पहुंचे। मुनीर को इस तरह का निमंत्रण किसी कार्यरत पाकिस्तानी सेना प्रमुख के प्रति अप्रत्याशित कदम के रूप में देखा जा रहा है।अयूब खान, जिया उल-हक और परवेज मुशर्रफ सहित पाकिस्तानी सेना प्रमुखों को इस तरह के निमंत्रण मिलने के उदाहरण हैं, लेकिन वे राष्ट्रपति के पद पर भी कार्यरत थे। इस्लामाबाद में अधिकारियों द्वारा मुनीर को व्हाइट हाउस के निमंत्रण को बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में पेश किया जा रहा है।पिछले महीने मुनीर को 1959 में अयूब खान के बाद पहली बार फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। मुनीर ने सोमवार को पाकिस्तानी-अमेरिकी समुदाय को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भारत क्षेत्रीय आधिपत्य थोपने का प्रयास कर रहा है।

भारत पर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं का उल्लंघन करने की नई सामान्य स्थिति स्थापित करने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया। इस दौरान मुनीर ने इजरायल के साथ युद्ध में ईरान के लिए पाकिस्तान के स्पष्ट और मजबूत समर्थन की घोषणा की। साथ ही संघर्ष को कम करने के लिए अमेरिका के प्रयासों का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि यह युद्ध तुरंत समाप्त हो। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया और लोकतांत्रिक सुधारों और जेल में बंद अपने नेताओं की रिहाई की मांग की।यह भी एअर डिफेंस सिस्टम की भारी कमी, क्या युद्ध के मैदान में उतरेगा अमेरिका इस दौरान मुनीर ने इजरायल के साथ युद्ध में ईरान के लिए पाकिस्तान के स्पष्ट और मजबूत समर्थन की घोषणा की। साथ ही संघर्ष को कम करने के लिए अमेरिका के प्रयासों का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि यह युद्ध तुरंत समाप्त हो। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया और लोकतांत्रिक सुधारों और जेल में बंद अपने नेताओं की रिहाई की मांग की।

# गुजरात की इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल गिरफ्तार, बिल्डर से दो करोड़ की वसूली का आरोप



**सूरत, 19 जून [एजेंसी]।**

गुजरात में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल को हनीट्रैप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कीर्ति पटेल को पुलिस ने अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है और उन पर आरोप है कि उन्होंने गुजरात के एक बिल्डर से दो करोड़ रुपये की उगाही की है। पुलिस ने बताया कि इंस्टाग्राम पर 1.3 मिलियन फॉलोअर्स वाली कीर्ति पटेल के खिलाफ पिछले साल दो जून को सूरत में मामला दर्ज किया गया था और कुछ समय बाद एक अदालत ने उसके खिलाफ वारंट भी जारी किया था। एक अधिकारी ने बताया कि पटेल पर सूरत में एक बिल्डर को हनीट्रैप करने और फिर उसे ब्लैकमेल करके करोड़ों की मांग करने का आरोप है। चार अन्य लोगों के नाम भी प्राथमिकी में दर्ज हैं और उन्हें पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि इन्फ्लुएंसर पटेल पर का नाम जमीन हड़पने और जबरन वसूली की अन्य शिकायतों में भी दर्ज है। सूरत की एक अदालत द्वारा वारंट जारी किए जाने के बावजूद, पटेल शहर बदलकर और अपने फोन पर अलग-अलग सिम कार्ड का इस्तेमाल करके पुलिस से बचने में कामयाब रही।

उसे अहमदाबाद के सरखेज क्षेत्र में खोजा गया और सूरत पुलिस ने बुधवार को उसे गिरफ्तार करने के लिए शहर में अपने समकक्षों की मदद ली।पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार ने कहा कि हम 10 महीनों से कीर्ति पटेल को ट्रैक करने की कोशिश कर रहे थे।

## असमानता दूर किए बिना कोई देश लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता, एक कार्यक्रम में बोले CJI गवई

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली असमानताओं को दूर किए बिना कोई भी राष्ट्र वास्तव में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दीर्घकालिक स्थिरता, सामाजिक सामंजस्य और सतत विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय एक व्यावहारिक आवश्यकता है।भारत में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका विषय पर मिलान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्याय कोई अमूर्त आदर्श नहीं है। इसे सामाजिक संरचनाओं, अवसरों का बंटवारा और लोगों के रहने की स्थितियों में जड़ें जमानी चाहिए। सीजेआई ने कहा कि यह केवल पुनर्वितरण या कल्याण का मामला नहीं है। यह प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, पूर्ण मानवीय क्षमता का अहसास करने और देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन में समान रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के बारे में भी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिहार के पुलिस महानिदेशक और दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि अपनी शादी को रद करने की मांग कर रही नाबालिग लड़की को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें।जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा कि लड़की और उसके दोस्त को अपनी जान को खतरा है और अधिकारी उनसे संपर्क करके आवश्यक सहायता प्रदान करें।

# खतरनाक मिसाइलें, मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम... इजरायल-ईरान संघर्ष में किसकी होगी जीत?



**नईदिल्ली, 19 जून [एजेंसी]।**

ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। इजरायल की मिसाइल रक्षा प्रणाली ने अब तक ईरान के अधिकांश हमलों को विफल कर दिया है।आइये जानते हैं दोनों देशों की वायु रक्षा प्रणाली कैसे काम करती है और युद्ध लंबा खींचने की स्थिति में इजरायल के समक्ष क्या चुनौतियां आएंगी। ईरान के पास बैलिस्टिक मिसाइलों, लंबी दूरी के ड्रोन और क्रुज मिसाइलों का एक विशाल शस्त्रागार है। बैलिस्टिक मिसाइलें गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में एक निश्चित पथ पर यात्रा करती हैं, जबकि क्रुज मिसाइलें उड़ान के दौरान अपने मार्ग को समायोजित कर सकती हैं। ईरान, जो इजरायल से लगभग 1,000 किमी दूर है, अपने हमलों में मुख्यतः मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों और लंबी दूरी के ड्रोन का उपयोग कर रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि हाल के हमलों में किस प्रकार की मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया है, लेकिन ईरान के पास फत्ताह-1 और इमाद जैसी कई मिसाइलें उपलब्ध हैं। बैलिस्टिक मिसाइलों से बचाव करना अत्यंत कठिन है, क्योंकि ये बहुत तेज गति से आती हैं और एयर डिफेंस सिस्टम के पास प्रतिक्रिया करने का बहुत कम समय होता है। यदि कुछ मिसाइलें रक्षात्मक प्रणालियों से चूक जाती हैं, तो वे भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। इजरायल की मिसाइल रक्षा प्रणालीः इजरायल के पास अत्यधिक प्रभावी, वायु रक्षा प्रणाली है। आमतौर पर इसे केवल आयरन डोम से जोड़कर ही देखा जाता है लेकिन यह सही नहीं है। इजरायल की रक्षा प्रणाली में कई परतें हैं, जिनमें से प्रत्येक को अलग-अलग दूरी से आने वाले खतरों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। आयरन डोम इनमें से केवल एक परत है, जो कम दूरी के तोपखाने के गोले और राकेट को रोकने के लिए बनाई गई है। आयरन डोम में रडार उत्सर्जकों, कमांड व नियंत्रण सुविधाओं और इंटरसेप्टर (सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों) का एक नेटवर्क शामिल है। रडार आने वाले खतरों का तुरंत पता लगाता है, कमांड और नियंत्रण तत्व तय करते हैं किस खतरे को पहले नष्ट करना है और फिर आने वाले गोले या राकेट को नष्ट करने के लिए इंटरसेप्टर भेजे जाते हैं। इजरायल की रक्षा प्रणाली की अन्य परतों में डेविड स्लिंग, एरो 2 और एरो 3 इंटरसेप्टर शामिल हैं, जो लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई हैं।ईरान के पास कुछ वायु रक्षा प्रणालियां हैं, जैसे कि रूसी एस300, लेकिन इनमें से अधिकांश केवल कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ प्रभावी हैं। इजरायल ईरान की वायु रक्षा को कमजोर करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी प्रणालियां अभी भी सक्रिय हैं। ईरान युद्धाभ्यास योग्य वारहेड जैसी तकनीक विकसित करने पर ध्यान दे रहा है, जिससे बचाव करना कठिन हो सकता है।इजरायल की मिसाइल रक्षा प्रणाली पूरी तरह से कार्यशील रहेगी, लेकिन जैसे-जैसे हमले इसके इंटरसेप्टर के भंडार को खत्म करते हैं, प्रणाली की प्रभावशीलता कम हो सकती है। मिसाइल सुरक्षा इंटरसेप्टर की संख्या पर निर्भर करती है। बचाव करने वाले को प्रत्येक हमलावर मिसाइल को कई इंटरसेप्टर सौंपने पड़ते हैं ताकि नुकसान की गुंजाइश कम से कम रहे। हालांकि हमलावर के पास भी मिसाइलों की संख्या सीमित होती है। जैसे-जैसे संघर्ष जारी रहेगा, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि किस पक्ष के पास पहले हथियार खत्म होते हैं। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने लगभग 3,000 में से 1,000 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं, लेकिन इसके पास अभी भी एक बड़ा भंडार है। यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान अपने संसाधनों को फिर से भरने के लिए कितनी जल्दी नई मिसाइलें बना सकता है।

## मैं पाकिस्तान से प्यार करता हूं, ट्रंप ने भारत-पाक सीजफायर का फिर किया दावा

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर खुद को दुनिया का सबसे बड़ा पीसमेकर साबित करने में जुट गए हैं। बुधवार को उन्होंने दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध (सैन्य संघर्ष) रुकवाया था। ट्रंप ने कहा, मैंने युद्ध रुकवाया। मैं पाकिस्तान से प्यार करता हूं। पीएम मोदी एक शानदार व्यक्ति हैं। मैंने उनसे कल रात बात की। हम भारत के साथ एक व्यापार समझौता करेंगे। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर ट्रंप से बातचीत में स्पष्ट किया था कि भारत किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत हुई थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि मोदी ने ट्रंप से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर पर बातचीत हुई थी, जिसमें दोनों देशों ने संघर्ष विराम पर सहमति जताई थी।ट्रंप और पीएम मोदी के बीच लगभग 35 मिनट की बातचीत हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। ट्रंप ने कहा कि वह जल्द ही भारत के साथ एक व्यापार समझौता करने की उम्मीद कर रहे हैं।कांग्रेस ने भी ट्रंप के दावे पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि ट्रंप बार-बार यह दावा कर रहे हैं, जबकि मोदी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं।कांग्रेस ने भी ट्रंप के दावे पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि ट्रंप बार-बार यह दावा कर रहे हैं, जबकि मोदी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं।

# फलों वाला सलाद बनाते समय इन बातों का रखें ध्यान, नहीं तो बिगड़ जाएगा स्वाद

**फलों वाला सलाद एक स्वादिष्ट और पौष्टिक नाश्ता होता है, जो खान-पान में ताजगी और ऊर्जा जोड़ता है। हालांकि, कई बार हम कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे हमारा फलों वाला सलाद स्वादिष्ट के बजाय बेस्वाद बन जाता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताएंगे, जिन्हें अपनाने से आपका फलों वाला सलाद बेहद स्वादिष्ट बनेगा। इनसे सलाद का स्वाद खराब नहीं होगा और आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।**



इस तरह काटे खट्टे और मीठे फल

खट्टे और मीठे फलों का मेल अक्सर बहुत अच्छा लगता है। हालांकि, इन्हें एक साथ मिलाते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप किस फल को पहले काट रहे हैं।

संतरे या नींबू जैसे खट्टे फल पहले काटने पर उनका रस निकल जाता है और इससे अन्य फलों का स्वाद खराब हो सकता है।

इसलिए, पहले हमेशा केले या सेब जैसे मीठे फल काटें और खट्टे फल बाद में डालें, ताकि उनका स्वाद बेकार न हो।

एक साथ न परोसें पके और कच्चे फल

पके और कच्चे फलों का सेवन करते समय ध्यान देना चाहिए कि आप दोनों प्रकार के फलों को एक साथ न खा रहे हों। पके फल जल्दी टूट जाते हैं और उनका स्वाद भी बदल जाता है, जिससे सलाद का स्वाद बिगड़ सकता है।

इसलिए, आम और पपीते जैसे पके फल अलग रखें और नाशपाती या अनानास जैसे कच्चे फल अलग बर्तन में निकालकर खाएं। इससे सभी फल ताजे रहेंगे और उनके स्वाद में कोई बदलाव नहीं आएगा।

**ज्यादा मसाले या चीनी मिलाने से करें परहेज**

फलों वाले सलाद में ज्यादा मसाले या चीनी डालने से उसका असली स्वाद खो सकता है। कई लोग अपने सलाद में चाट मसाला या काली मिर्च डाल देते हैं, जिससे उसका स्वाद बिगड़ जाता है।

इसके अलावा, बहुत ज्यादा चीनी डालने से भी फल का प्राकृतिक स्वाद बदल जाता है।

इसलिए फलों वाला सलाद बनाते समय इन चीजों का इस्तेमाल न करें और इसके बजाय नींबू का रस या थोड़ा-सा शहद मिलाएं, ताकि फलों का स्वाद बेकार न हो।

**केवल एक जैसे फल ही न खाएं**

एक ही तरह के फलों का इस्तेमाल करके भी आप अपने फलों वाले सलाद का मजा खराब कर सकते हैं।

उदाहरण के लिए अगर आप केवल केले या सेब का इस्तेमाल करते हैं तो आपका सलाद उबाऊ हो जाएगा और उसमें कोई खास स्वाद नहीं आएगी।

इसलिए हमेशा अलग-अलग प्रकार के फलों का मिश्रण बनाएं जैसे सेब, नाशपाती, केला, अनानास आदि, ताकि आपका सलाद ताजा और स्वादिष्ट बना रहे।

**फलों को ताजा बनाए रखें**

बनाने के बाद लंबे समय तक फल सलाद को फ्रिज में रखने से भी उसका स्वाद खराब हो सकता है। फल जल्दी ही अपनी ताजगी खो देते हैं और उनका रंग भी बदल जाता है, इसलिए सलाद बनाने के बाद उसे तुरंत खा लें।

अगर आप सलाद को बाहर ले जा रहे हैं तो एयरटाइट कंटेनर में रखें, ताकि वह ताजा बना रहे। इस तरह आप फलों का सही इस्तेमाल करके अपने खाने का पूरा मजा ले सकते हैं।

## बिकिनी टॉप और शॉर्ट्स में समंदर किनारे दिखा प्रिया प्रकाश का स्टनिंग अंदाज



आंख मारकर सोशल मीडिया पर तहलका मचाने वाली एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर एक बार फिर अपने लेटेस्ट फोटोशूट से चर्चा में हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर बीच वेकेशन की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह बिकिनी टॉप और ब्लैक शॉर्ट्स में समंदर किनारे पोज देती नजर आ रही हैं. प्रिया ने अपनी इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, मेरी उदासी को रोमांटिक बनाना. नीले समंदर की लहरों के बीच फूल लगाए बालों में वो बेहद खूबसूरत और फ्रेश लग रही हैं. उनकी इन तस्वीरों को अब तक हजारों लाइक्स मिल चुके हैं और फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं.

यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में उन्हें मरमेड क्वीन, हॉटनेस ओवरलोड और प्रियाआह जैसे कमेंट्स किए हैं. प्रिया का ये स्टाइलिश और बोल्ड अवतार न सिर्फ उनकी फैशन सेंस को बयां करता है बल्कि ये भी दिखाता है कि वह हर लुक में कॉन्फिडेंस के साथ खुद को प्रेज़ेंट करना जानती हैं. प्रिया प्रकाश वारियर सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव हैं और समय-समय पर अपने फैंस के साथ पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की झलकियां साझा करती रहती हैं. उनकी ये लेटेस्ट बीच तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं और फैंस को उनका ये अवतार बेहद पसंद आ रहा है. प्रिया का यह बीच लुक एक परफेक्ट समर स्टाइल इंस्पिरेशन है. उनके नेचुरल स्माइल, सिंपल ऐक्सेसरीज़ और हल्के मेकअप ने उनके लुक को और भी अट्रैक्टिव बना दिया है.

## लोगों को हैं टूथपेस्ट से जुड़े ये 5 आम भ्रम, जानिए इन सभी की सच्चाई

दांतों को स्वस्थ और सफेद बनने के लिए टूथपेस्ट इस्तेमाल किया जाता है, जिसको लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां प्रचिलित हैं। कई लोग मानते हैं कि केवल महंगे टूथपेस्ट ही कारगर होते हैं या ज्यादा मात्रा में इसे लगाने से ही फायदा होता है। हालांकि, इनमें से ज्यादातर बातें मिटक साबित होती हैं।

आइए आज हम मिलकर टूथपेस्ट से जुड़े कुछ आम भ्रमों पर चर्चा करते हैं और उनकी सच्चाई जानते हैं।

महंगा टूथपेस्ट ही होता है बेहतर

कई लोग मानते हैं कि महंगा टूथपेस्ट हमेशा बेहतर होता है और यह दांतों को ज्यादा सफेद बनाता है। हालांकि, सच्चाई यह है कि महंगे ब्रांड हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले नहीं होते।

कई बार सस्ते ब्रांड भी अच्छे परिणाम देते हैं। इसलिए कीमत देखकर ही चयन नहीं करना चाहिए। गुणवत्ता और असर को ध्यान में रखते हुए ही टूथपेस्ट चुनना चाहिए।

इससे आपको सही जानकारी मिल सकेगी कि कौन-सा टूथपेस्ट आपके लिए बेहतर है।

बच्चों के लिए होता है फ्लोराइड वाला टूथपेस्ट

फ्लोराइड वाले टूथपेस्ट को लेकर भी कई भ्रम फैले हुए हैं। कुछ लोग मानते हैं कि फ्लोराइड केवल बच्चों के लिए जरूरी होता है और बड़ों को इसकी जरूरत नहीं होती।

सच्चाई यह है कि फ्लोराइड दांतों की सुरक्षा के लिए अहम होता है, चाहे उम्र कोई भी हो। यह दांतों को कीड़ों से बचाने में मदद करता है और उन्हें मजबूत बनाता है।

इसलिए फ्लोराइड वाला टूथपेस्ट का उपयोग करना फायदेमंद होता है।

सफेद फोम वाला टूथपेस्ट होता है ज्यादा असरदार

बहुत से लोग मानते हैं कि जितना ज्यादा फोम, उतने सफेद दांत।



हालांकि, असलियत में फोम सिर्फ सफाई करने में मदद करता है और सफेदी से इसका कोई संबंध नहीं होता है।

इसलिए फोम देखकर ही टूथपेस्ट का चयन नहीं करना चाहिए। इसके बजाय उसकी गुणवत्ता और असर पर ध्यान देना चाहिए, ताकि आपको सही जानकारी मिल सके और आप चमकदार दांत पा सकें।

इससे आप सही तरीके से अपने दांतों की देखभाल कर सकते हैं।

टूथपेस्ट का रंग होता है अहम

कई लोग सोचते हैं कि गहरे रंग वाले टूथपेस्ट ज्यादा असरदार होते हैं, जबकि असलियत में रंग का सफेदी से कोई संबंध नहीं होता।

सफेद या नीले रंग का टूथपेस्ट भी उतना ही अच्छा काम करता है, जितना कि गहरे रंग वाला। इसलिए रंग देखकर ही चयन करना सही निर्णय नहीं होता है।

इसके बजाय टूथपेस्ट गुणवत्ता और असर पर ध्यान देना चाहिए और खुद इस्तेमाल करके जांच भी करनी चाहिए।


ज्यादा क्रीम वाला टूथपेस्ट ही होता है अच्छा

यह भी एक आम धारणा है कि ज्यादा क्रीम वाला टूथपेस्ट ज्यादा अच्छा होता है, जबकि असलियत में ऐसा नहीं होता।

ज्यादा क्रीम वाला टूथपेस्ट कभी-कभी दांतों की संवेदनशीलता बढ़ा सकता है और उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए ज्यादा क्रीम वाला टूथपेस्ट चुनते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

इन भ्रमों को समझकर हम अपने दांतों की देखभाल बेहतर तरीके से कर सकते हैं और सही जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकते हैं।

## बॉर्डर 2 का तीसरा शेड्यूल शुरू, सनी देओल संग दिलजीत वरुण और अहान शेट्टी की एनडीए से आई तस्वीर



सनी देओल गदर 2 और जाट की सफलता के बाद अब बॉर्डर 2 की शूटिंग कर रहे हैं. बॉर्डर 2 का एलान गदर 2 की मास सक्सेस के बाद किया गया था. साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर एक ब्लॉकबस्टर फिल्म है, जिसमें सनी देओल ने अहम रोल प्ले किया था. बॉर्डर 2 पर लंबे समय से काम चल रहा है और फिल्म के दो शेड्यूल पूरे हो चुके हैं और अब तीसरा शेड्यूल शुरू हो गया है. आज सनी देओल ने फिल्म बॉर्डर 2 के तीसरे शेड्यूल के शुरू होने की जानकारी दी है और साथ ही फिल्म के मेकर्स और स्टारकास्ट के साथ अपनी तस्वीर भी शेयर की है.

सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जो तस्वीर शेयर की है, उसमें खुद सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन नजर आ रहे हैं. इस पोस्ट के साथ सनी ने बताया कि फिल्म बॉर्डर 2 का तीसरा शेड्यूल आज पुणे के नेशनल डिफेंस एकडेमी में शुरू हो गया है. इस तस्वीर में पहली बार फिल्म की स्टारकास्ट साथ में नजर आई है. कमाल की बात यह है कि इस बार बॉलीवुड फिल्म में पंजाबी स्टार दिलजीत दोसांज भी नजर आने वाले हैं. इस तस्वीर में फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार, निधि दत्ता और डायरेक्टर अनुराग सिंह भी नजर आ रहे हैं.

जेपी दत्ता ने साल 1997 में हिंदी सिनेमा को वॉर बेस्ड फिल्म बॉर्डर दी थी, जो आज भी लोगों के दिलों में बसी है. अब बॉर्डर 2 को अनुराग सिंह बना रहे हैं, जो अक्षय कुमार के साथ फिल्म केसरी बना चुके हैं. बता दें, गदर 2 की सफलता केब बाद सनी के फैंस को अब बॉर्डर 2 का बेसब्री से इंतजार है. फिल्म बॉर्डर 2 गणतंत्र दिवस के मौके पर 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी.

## शब्द सामर्थ्य -083

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्‌भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 082 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |

## असल जिंदगी में तू है आशिकी की नूर से बिलकुल अलग हूं: अमनदीप सिद्धू



टीवी एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू ने अपने नए शो तू है आशिकी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस शो में उनका किरदार बहुत इमोशनल है, जिसके चलते उन्हें स्क्रीन पर काफी जज्बात दिखाने पड़े। यह एक ऐसा किरदार है, जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया।

अमनदीप सिद्धू को अक्सर शक्तिशाली और प्रभावशाली किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। लेकिन इस शो में उन्होंने एक रोमांटिक किरदार निभाया है, जो उनके लिए नया और दिलचस्प है।

अपने किरदार नूर के बारे में एक्ट्रेस ने कहा, नूर एक साधारण, मिलनसार, और मुंहफट लड़की है। वह अपने परिवार से बहुत प्यार करती है। खुद से ज्यादा परिवार वालों का ध्यान रखती है। उनकी खुशियों के लिए कुछ भी कर सकती है, लेकिन मैं असल जिंदगी में नूर जैसी नहीं हूं। मैं अपने दिल की सुनती हूं। परिवार और मां की राय जरूर लेती हूं, लेकिन आखिरी फैसला मैं खुद ही करती हूं। इन्हीं वजहों के चलते मैं कहूंगी कि नूर और अमनदीप थोड़े अलग हैं। मेरी जिंदगी की बागडोर हमेशा से मेरे हाथों में होती है।

अमनदीप ने खुद को रोमांटिक इंसान बताते हुए कहा कि उन्होंने पहले कभी इस तरह की भूमिका पर काम नहीं किया है।

अमनदीप ने कहा, शो का नाम तू है आशिकी प्यार के बारे में है, और मेरे लिए इसका मतलब बहुत खास है क्योंकि मैं खुद बहुत रोमांटिक इंसान हूं। मेरी राशि कर्क है। मैंने जो भी सीन और एपिसोड किए हैं, उन्हें खुद अपने जीवन में महसूस किया है। टीवी पर मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया था, इसलिए यह मेरे लिए बिल्कुल नया है। यह एक नई और बहुत खास चीज है। इस शो की भावना को मैं पूरी तरह से महसूस करती हूं। यह मेरे लिए अद्भुत है।

तू है आशिकी शो का निर्माण रवि दुबे और सरगुन मेहता की प्रोडक्शन कंपनी ड्रीमियाता ड्रामा के तहत हो रहा है। इसमें अभिषेक कुमार, शीजान खान, और माहिर पांधी भी अहम भूमिका में हैं।

यह शो यूट्यूब पर ड्रीमियाता ड्रामा के ऑफिशियल अकाउंट पर 6 जून को शुरू हुआ।

### समय पर उपचार से बची जान

# मासूम के गले में फंसे सिक्के को डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक निकाला

### बच्चों को सिक्का, पिन, सुई, कांच, छोटी गिट्टी या छोटी वस्तुओं से दूर रखें



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 13 में एक मासूम बच्चे की जान पर उस समय बन आई, जब खेल-खेल में उसके गले में एक सिक्का फंस गया। गला अवरुद्ध होने के कारण बच्चा गंभीर अवस्था में पहुंच गया। लेकिन समय पर की गई चिकित्सकीय कार्रवाई से उसकी जान बच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 13 निवासी राजेश विश्वकर्मा के 7 वर्षीय पुत्र सार्थक ने अनजाने में खेलते समय एक सिक्का निगल लिया, जो उसके गले में जाकर फंस गया। बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने तत्काल डॉक्टर को फोन कर सूचना दी कि बच्चे की हालत बेहद नाजुक है और उसे तुरंत चिकित्सा की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही सिविल सर्जन व अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल के मार्गदर्शन में डॉ. योगेंद्र चौहान एवं उनकी चिकित्सा टीम जिला अस्पताल, बैकुंठपुर लेकर आए बच्चे की तत्काल जांच कर उपचार शुरू किया। टीम की त्वरित कार्रवाई और दक्षता से गले में फंसे सिक्के को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। बच्चे की हालत अब स्थिर है। इस घटना के बाद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने अभिभावकों से अपील की है कि वे छोटे बच्चों को सिक्का, पिन, सुई, कांच, छोटी गिट्टी या किसी भी प्रकार की छोटी वस्तुओं से दूर रखें, क्योंकि ये जानलेवा साबित हो सकती हैं। चिकित्सकों ने सलाह देते हुए कहा है कि छोटे बच्चों की निगरानी हमेशा रखें। ऐसी छोटी वस्तुएं बच्चों की पहुंच से दूर रखें। किसी आकस्मिक स्थिति में बिना देरी चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें।

# अस्पतालों में समाचार कवरेज पर रोक संबंधी जादेश कुछ ही घंटों में लिया वापस, पत्रकार संघ की आपत्ति का असर



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हाल ही में जारी उस आदेश को लेकर प्रदेशभर के पत्रकारों में असंतोष व्याप्त था, जिसमें स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन एवं प्रसारण पर अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाने जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इस आदेश के विरुद्ध छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने मुखर विरोध दर्ज कराया और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा पत्रकारिता के मूलभूत अधिकारों के विरुद्ध बताया। पत्रकार संघ के दबाव और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने उक्त आदेश को वापस ले लिया है। यह निर्णय राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने इस आदेश को तानाशाही प्रवृत्ति करार देते हुए कहा था कि यह न सिर्फ प्रेस की आज़ादी पर कुठाराघात है, बल्कि आम जनता के सूचना के अधिकार को भी बाधित करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि लोकतंत्र की मर्यादा को बनाये रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के आदेश को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो पूरे राज्य में पत्रकार आंदोलन करेंगे। इस विरोध के समर्थन में विभिन्न पत्रकार संगठनों, स्वतंत्र पत्रकारों और सामाजिक संगठनों ने भी आवाज़ उठाई। सोशल मीडिया के माध्यम से यह मुद्दा व्यापक रूप से सामने आया और जन समर्थन मिलने लगा। सरकार पर दबाव बढ़ता गया कि वह प्रेस की स्वतंत्रता से छेड़छाड़ करने वाले किसी भी निर्णय से पीछे हटे। पत्रकारों के संयुक्त प्रयासों और जनभावना को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार का अहम फैसला।

## पं माधवराव सप्रे जयंती पर संगोष्ठी और विमोचन

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल, छत्तीसगढ़ मित्र और छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पं माधवराव सप्रे की जयंती पर सायं 4 बजे से महाराष्ट्र मंडल चौबे कालोनी रायपुर में संगोष्ठी, सम्मान और विमोचन समारोह का आयोजन किया गया है।

# सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध

### प्रमाणित बीज और खाद का उपयोग करें किसान



**कोरिया बैकुंठपुर।** खरीफ फसलों में मुख्य रूप से लगाई जाने वाली धान की फसल के लिए कोरिया जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज भंडारण किया गया है। जिला प्रशासन ने कोरिया जिले के किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने निकट के सहकारी समिति में जाकर मानक बीज और आवश्यकता के अनुसार खाद लेकर समय पर बुवाई करें जिससे भरपूर फसल प्राप्त हो सके।

कोरिया जिले में स्थित कुल 16 सहकारी समितियां में 6960 मेट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है जिसमें से 3677 मेट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को रन के माध्यम से किया गया है एवं 3283 मेट्रिक टन खाद का भंडारण शेष है। सभी समितियां में खरीफ के लिए प्रमाणित बीजे का भंडारण 2809 क्विंटल का भंडारण किया गया है जिसमें 1182 क्विंटल बीच का उठाव किसानों के द्वारा किया जा चुका है एवं 1627 क्विंटल बीच शेष है। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने किसानों को खरीफ फसलों में उचित मात्रा में जैविक खाद और कम मात्रा में रासायनिक खाद का उपयोग करने की अपील करते हुए समिति में उपलब्ध बीजों का उपयोग करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रमाणित बीज निकटतम समितियों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और समय पर बुवाई करके किसान अच्छी उपज प्राप्त कर सकते हैं। कोरिया जिले के उप संचालक कृषि राजेश भारती ने बताया कि डीएपी खाद इस्तेमाल करें, या फिर डीएपी के स्थान पर 12-32-16 यानी इफको या 20-20-0- 13 का उपयोग डीएपी के पूरक के रूप में उपयोग कर सकते हैं। साथ ही किसान यूरिया और सुपर फास्फेट को मिला कर डीएपी के रूप में उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि बीज एवं खाद का उठाव शीघ्रता से करें जिससे भविष्य में परेशानी से बचा जा सके।

## सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 30 से

**रायपुर।** भारतीय सेना द्वारा सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर पंजीकरण करने वाले उम्मीदवारों के लिए यह परीक्षा 30 जून 2025 से 04 जुलाई 2025 एवं 07 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के पांच परीक्षा केंद्रों ङ्क बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर ङ्क में प्रतिदिन तीन शिफ्टों में यह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। भारत सरकार के सूचना पत्र कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अग्निवीर क्लर्क / एस.के.टी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही लिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों के लिए दो अलग-अलग प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सभी उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र 16 जून 2025 से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

# भाजयुमो एवं पार्षद ने लगाया आबकारी निरीक्षक पर रिश्वत मांगने का आरोप

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज नगर के वार्ड क्रमांक 15 में आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा देसी शराब पकड़ने के बाद 20000 रिश्वत मांगने का संगीन आरोप नगर के वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद सिद्धांत यादव एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी गुप्ता ने लगाया। वहीं दोनों युवा नेताओ ने कहा कि जब हम लोगों के द्वारा घुस लिए जाने का विरोध किया गया तो उनके द्वारा अपमानित करने वाले शब्द का प्रयोग करते हुए धमकी दी गई जिसके बाद व्यथित होकर दोनों युवा नेताओं ने अलग-अलग आवेदन रामानुजगंज थाने में दिया है।

सिद्धांत यादव एवं अश्वनी गुप्ता ने आबकारी उप निरीक्षक पर कई गंभीर आरोप लगाए। दोनों युवा नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में भयाक्रांत कर आबकारी विभाग के द्वारा जमकर गरीब आदिवासी परिवारों से वसूली की जा रही है। जिसके कई प्रमाण हम लोगों के पास है। हद तो तब हो गई जब रामानुजगंज क्षेत्र में भी इनके द्वारा अवैध वसूली के लिए पहले तो 2 लीटर से कम देसी शराब को पकड़ा उसके बाद केस बनाकर ?20000 मांगे गए थे। सिद्धांत यादव ने बताया कि मैं वार्ड क्रमांक 15 का पार्षद हूं जिस कारण जिनके द्वारा इन्हें आरोपी बताया जा रहा है उनके पुत्र ने मुझे फोन कर जानकारी दी 100 बिस्तर अस्पताल में ?20000 लेकर पुत्र गया हुआ था। जो देने की तैयारी थी परंतु मैं मेरे साथ भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री अश्वनी गुप्ता भी थे हम लोगों ने गरीब परिवार से घुस लिए जाने का विरोध किया यह बात उन्हें नागवार गुजरी एवं हम लोगों से आपा खोकर अबकारी के नीरज साहू बदतमीजी करने लगे यहां तक की काफी अपमानजनक शब्द भी उनके द्वारा बोले गए। दोनों युवाओं नेताओं ने कहा कि अवैध रूप से शराब बिक्री का हम सब हमेशा से विरोध करते आए है।परंतु जिस प्रकार से आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा अवैध वसूली लगातार क्षेत्र में की जा रही है इसका हम खुलकर विरोध करेंगे। दोनों युवा नेताओं के द्वारा वीडियो जारी करते हुए यह दावा किया गया कि जो ?20000 आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा मांगे गए थे हम लोगों ने जब इसका विरोध किया तो वह स्पष्ट रूप से स्वीकारा कि यह पैसा वकील के लिए मांगे थे सवाल खड़ा होता है कि यदि वे पकड़ रहे तो वह छुड़वाने की व्यवस्था क्यों बनवा रहे हैं स्पष्ट है कि वह पैसा घुस के लिए मांगे थे।

## बस स्टैंड क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़ 80 गैस कार्ड और 30 से अधिक सिलेंडर जब्त

**रायपुर।** जिले के एंकर-दुर्ग के सबसे व्यस्ततम बस स्टैंड इलाके से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक गोपनीय सूचना के आधार पर कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित गैस रिफिलिंग के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो वहां का नजारा देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। पुलिस ने मौके से 80 से अधिक गैस कार्ड और 30 से ज्यादा घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए हैं, जिनमें गैस रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा था। जांच में पता चला कि प्रमोद शाह नामक व्यक्ति इस अवैध धंधे को लंबे समय से संचालित कर रहा था। यह कार्य अत्यधिक भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक क्षेत्र में किया जा रहा था, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। हैरानी की बात यह है कि आरोपी के पास गैस रिफिलिंग करने का कोई वैध लाइसेंस भी नहीं है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है। इस घटना ने प्रशासन की सतर्कता और सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## शरारती तत्वों ने घर के बाहर खड़ी बाइक को किया आग के हवाले

**रायपुर।** एकता गली आमापारा के पास खड़ी बाइक को अज्ञात व्यक्ति ने अइाग के हवाले कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया श्यामा देवी यादव 45 वर्ष एकता गली आमापारा निगम कालोनी आजाद चौक की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया के लड़के के बाइक क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 5915 को आग के हवाले कर दिया। जिससे 45 हजार रुपए का नुकसान हुआ। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## घर से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर।** चंदन किराना स्टोर्स के पास संतोषी नगर स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 12 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया जानकी सोनी 50 वर्ष चंदन किराना स्टोर्स के पास संतोषी नगर टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के खुले दरवाजे से प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 12 हजार, सोने-चांदी के जेवर व 2 नग मोबाइल पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## शोरूम के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** सरोना स्थित किया शोरूम के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी मनीष साहू 20 वर्ष साहूपारा गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमए 1494 को सरोना स्थित किया शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## मवेशियों को कत्लखाना ले जाते चालक गिरफ्तार

**रायपुर।** खरोरा पुलिस ने कत्ल खाना ले जाते युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 नग मवेशियों को जब्त किया है।खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सारागांव खरोरा के पास दबिश देकर माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 7848 को रोककर तलाशी लिए तो उसमें से 15 मवेशियों को जब्त किया है। पूछताछ में चालक ने कत्लखाना ले जाना स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## 5 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** आरंग पुलिस ने पंचमुखी हथबंधा तालाब के पास जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती व नकदी 10700 रुपए जब्त किया है। आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पंचमुखी हथबंधा तालाब के पास सार्वजनिक स्थान के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी अर्जुन साहू 24 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का मूल उद्देश्य है योजनाओं का संतृप्तीकरण:कलेक्टर

### समय सीमा बैठक मे कलेक्टर ने वृक्षारोपण और जल संरक्षण अभियान की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**कोरिया बैकुंठपुर।** संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने भारत सरकार द्वारा जनजातीय बहुल ग्राम पंचायतों मेंयोजनाओं के संतृप्तीकरण का उद्देश्य लेकर आरंभ किए गए धरती आबा अभियान की विशेष तौर पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। विदित हो कि धरती आबा अभियान के तहत जिले भर में प्रतिदिन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के समन्वय से जनहित में चलाई जा रही 25 योजनाओं के अंतर्गत जिले में हितग्राहियों के संतृप्तीकरण की अवस्था में आने हेतु प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभागीय योजनाओं में हितग्राही के पंजीयन की प्रगति को लेकर बैठक संपन्न हुई।

कलेक्टर ने एक-एक कर सभी विभागीय योजनाओं के तहत हितग्राही पंजीयन की प्रगति पर जानकारी प्राप्त करते हुए आनलाइन पोर्टल पर इंट्री ना किए जाने को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कहा कि सभी विभागीय प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि धरती आबा के तहत आयोजित हो रहे शिविरों में उनके विभागीय अधिकारी उपस्थित हों और जिन हितग्राहियों का चिन्हाकन शेष रह गया है उसे उसी ग्राम पंचायत के शिविर में ही पंजीकृत कराएं। श्रम विभाग के पंजीयन कार्य की सराहना करते हुए उन्होने कहा कि शिविर में उपस्थिति के साथ ही योजनाओं से जुड़ने वाले हितग्राहियों के आंकड़े उसी दिन शाम तक आनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य तौर पर दर्ज करा लें। उन्होने प्रतिदिन इस कार्य में प्रगति की रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। जनसहभागिता को बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने पर बल देते हुए कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में लगातार मुनादी कराएं। दीवार लेखन और पोस्टर आदि से प्रचार के अलावा जनसहभागिता से होने वाले प्रचार माध्यमों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। उन्होने गावों में रैली आयोजित करने, मुख्य चौराहों पर महिलाओं से रंगोली बनवाने जैसे जनभागीदारी वाले कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने के निर्देश दिए। विभागीय समन्वय पर बल देते हुए उन्होने कहा कि प्रचार के लिए वाहनों का उपयोग करते हुए उस वाहन को बेहतर तरीके से सभी योजनाओं के संयुक्त प्रचार वाहन की तरह सजाकर गांवों में घुमाएं जिससे ज्यादा से ज्यादा आम जन इस अभियान के प्रति जागरूक हो सकें। कलेक्टर ने हाट बाजारों में व्यापक प्रचार कराने तथा आवश्यकतानुसार गांव गांव में सर्वे कराए जाने के निर्देश भी दिए। जल संरक्षण अभियान के लिए उन्होने प्रत्येक ग्राम पंचायतों में निरंतर जनभागीदारी से छोटे छोटे कार्य निरंतर कराए जाने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। धरती आबा अभियान में परिणाममूलक कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक शिविर को पूरी गंभीरता से लेते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। इसके बाद उन्होने जिले में वृक्षारोपण अभियान की प्रगति पर समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग प्रमुख तीन दिवस में लक्ष्य के अनुसार आनलाइन इंट्री दर्ज कराते हुए पौधे लगाने का कार्य आरंभ कराएं। उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने केंपस में पौधों के रोपण के साथ उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों और विभागीय कार्यालयों के परिसर में पौधें लगाए जाने के निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण की दृष्टि से मुनगा और पपीते के पौधे जरूर लगाए जाएं। विद्यालयों के खुलने के साथ ही बच्चों के जाति प्रमाण पत्र कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि धरती आबा शिविरों के साथ शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग समन्वय स्थापित करें ताकि बच्चों को विद्यालय में ही और छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी में ही प्रमाण पत्र प्रदान किए जा सकें। विभागीय अधिकारियों को अपने भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्रो की जांच अवश्य करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि आपके नियमित भ्रमण से मैदानी अमले की सक्रियता बनी रहती है और लापरवाही पर त्वरित नियंत्रण किया जा सकेगा। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर कोरिया ने जनदर्शन, सीएम पोर्टल सहित अन्य आनलाइन आवेदन पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों में लंबित आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर निराकरण के आवश्यक निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होने राजस्व मामलों के निपटारे, पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति, ग्राम पंचायतों की बकाया राशि वसूली प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, वनभूमि के चिन्हाकन कार्य की प्रगति पर भी समीक्षा कर दिशा निर्देश प्रदान किए।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर 21 जून को मनाया जाएगा विश्व योगा दिवस



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय सभ्यता में स्वास्थ्य को लेकर प्रचलित प्राचीन योग अब पूरे विश्व में अपनी उपयोगिता के लिए अलग पहचान बना चुका है। अब प्रत्येक व्यक्ति अपने स्वास्थ्य को लेकर योग के प्रति सचेत और जागरूक हो चला है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस का आयोजन किया जाएगा।

जिला स्तर पर मुख्यालय बैकुण्ठपुर और ब्लाक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले आयोजनों को लेकर कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने एक आवश्यक बैठक लेकर सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार इस बार विश्व योग दिवस के लिए एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम निर्धारित की गई है। साथ ही योग संगम एवं हरित योग को सिग्नेचर इवेंट के तौर पर शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर तटों पर, आंगनवाड़ी केंद्र, महाविद्यालयों एवं सभी शैक्षणिक संस्थानों में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों में इस आयोजन के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ग्राम प्रधानों के लिए संदेश भी पढ़ा जाएगा। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक कर विश्व योग दिवस के आयोजन की जिम्मेदारियों का निर्धारण करते हुए आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए।

बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि अब योग की आवश्यकता, इसकी स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापकता और जीवन में उपयोगिता से प्रत्येक वर्ग भलीभांति अवगत हो चुका है। इसलिए भारत से निकला हुआ योग अब पूरे विश्व में अपनाया जा चुका है। विश्व योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन बैकुण्ठपुर मुख्यालय स्थित मानस भवन में आयोजित होगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक आयोजन स्थल पर योग करने हेतु उपस्थित प्रतिभागियों की आवश्यक बैठक की व्यवस्था के साथ ही आयुष विभाग योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय समारोह हेतु आवश्यक तैयारियों के लिए मुख्यालय एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस कार्यक्रम में एसएसएस, एनसीसी, स्काउट के कैडेटों के अलावा सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होंगे। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि यह आयोजन सुबह सात बजे से आठ बजे के बीच संपन्न होगा। इस वर्ष विश्व योग दिवस के लिए आयोजित होने वाली गतिविधियों को आनलाइन भी दर्ज कराया जाना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि आयुष मंत्रालय की वेबसाइट पर संगम योगा नामक पेज पर जाकर सभी विभाग प्रमुखों को और समस्त योग आयोजन स्थलों के पंजीकरण की जानकारी प्रविष्ट किया जाना है। इस पोर्टल पर योग दिवस के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश और आवश्यक प्रचार सामग्री भी उपलब्ध है। पोर्टल पर योग दिवस की गतिविधियों के सबंध में जानकारी और फोटो भी अपलोड किए जाएंगे।

## धरमजयगढ़ से धमके दो हाथी मचाया तांडव

**कोरबा।** जिले के कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक लगातार जारी है जहां कटघोरा वनमंडल के केंदई, एतमानगर, पसान तथा जटगा रेंज में अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय 46 हाथी बीती रात जंगल ही जंगल विचरण करते रहे। वहीं कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में धरमजयगढ़ क्षेत्र से अचानक पहुंचे दो हाथियों ने रेंज के गीतकुंआरी गांव में एक ग्रामीण के बाड़ी में घुसकर भारी तांडव मचाया। इस दौरान हाथियों ने यहां लगे सब्जी तथा मूंगफली के पौधों को बुरी तरह रौंद दिया। वहीं आम व केले के पौधों को भी भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों के उत्पात से संबंधित ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बाड़ी में उत्पात मचाने तथा उसे उजाड़ने के बाद उत्पाती हाथी पूर्व से यहां मौजूद दो हाथियों के साथ मिल गए और जंगल जाकर विश्राम करने लगे। वर्तमान में चारों हाथी गीतकुंआरी में जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1106 में मौजूद हैं जिनकी निगरानी वन विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे एवं मैदानी अमले से कराई जा रही है।

# मनमानी पर नकेल, अवैध रेत खनन और परिवहन पर 20 वाहन जब्त

### प्रतिबंधित अवधि में गड़बड़ी बिल्कुल नहीं होगी बर्दाश्त



**कोरबा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत समेत सभी प्रकार के गौण खनिज पर खनन व परिवहन पर रोक लगा दिया। प्रशासन कई तरह की शिकायतों को लेकर टॉस्क फोर्स बनाई। यहां-वहां निगरानी रखने के साथ प्रतिबंध के चौथे दिन 20 गाड़ियों को पकड़ा गया। रेत तस्कर इन वाहनों का उपयोग रेत खोदाई के साथ परिवहन में कर रहे हैं।

राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण व विक्रय पर रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में खनिजों के अवैध तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु गठित टास्क फोर्स टीम द्वारा चिन्हांकित संवेदनशील क्षेत्रो, रेत घाटों पर निगरानी रखते हुए नियमित क्षेत्र भ्रमण कर तस्करों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रेत के अवैध परिवहन की जांच के दौरान ग्राम बरमपुर सर्वमंगला क्षेत्र में 1 टिप्पर, कोरबा, कुसमुंडा, पाली क्षेत्र में 1-1 ट्रेक्टर, उरगा क्षेत्र में 2 ट्रेक्टर, 2 टिप्पर, कटघोरा क्षेत्र में 03 ट्रेक्टर, जिल्गा(करतला) क्षेत्र में 3 ट्रेक्टर सहित कुल 14 वाहन रेत के अवैध परिवहन में संलग्न पाया गया।

बताया गया कि ऐसे सभी वाहनों को खनिज अधिनियम के तहत जप्त कर समीपस्थ थाना परिसर एवं खनिज जांच चौकी में आगामी आदेश पर्यन्त तक खड़ा कराया गया है।खनिज नियमो के तहत आगे की कार्रवाही सुनिश्चित की जाएगी। बताया जा रहा है कि रेत तस्कर रात के वक्त चोरी चुपके रेत की तस्करी कर रहे थे वही दिनदहाड़े भी रेत की तस्करी करने की शिकायत पर जिला प्रशासन ने सख्त एक्शन लिया है। शहर के कई ऐसे लोग है जो रेत के कारोबार में जुड़े है कई नेताओं के करीबी है तो कई खुद को समाज से भी बताते हैं जिसके आड़ में लगातार रेत तस्करी की जा रही है। सीतामणी, बरमपुर, बरबसपुर, दर्री, सर्वमंगला नगर, जटराजमें काफी लंबे समय से रेत का तस्करी किया जा रहा है। जिला माइनिंग अधिकार प्रमोद नायक ने बताया कि एनजीटी के प्रतिबंधों का पालन हर हाल में कराए जाना सुनिश्चित किया जाना है। इसके अंतर्गत नियम विरूद्ध कार्यों में संलग्न गाड़ियों की धरपकड़ की जा रही है। राजसात को लेकर जो नियम बनाए गए हैं, उस पर भी प्रभावी एक्शन होगा।

## कामगार की मौत को लेकर चक्काजाम



**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में 6.6 हाईवोल्ट लाईन के संपर्क में आने से मृत हुए हीरालाल नामक कर्मी के परिजनों ने उचित मुआवजा और एक आश्रित को रोजगार देने की मांग को लेकर विस्थापिता ने सहकर्मियों ने आज बेरियर 7 पर चक्काजाम कर दिया। उनका कहना है कि कल का हादसा प्रबंधन की लापरवाही के कारण हुआ, इसलिए मृतक के सामाजिक संरक्षण को लेकर उसकी जवाबदेही बनती है। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू जवानों के साथ यहां पहुंचे। एसईसीएल सुरक्षाबल ने भी मौके पर उपस्थिति दर्ज करा स्थिति संभाली

## रजगामार के दो कोल ब्लॉक के लिए 8 कंपनियों ने लगाई बोली



**कोरबा।** कमॅर्शियल कोल माइनिंग के तहत नीलामी के 12वें दौर में सूचीबद्ध किए गए 6 भूमिगत कोल ब्लॉक्स में से दो के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं। ये दोनों कोल ब्लॉक छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है।

कोयला मंत्रालय द्वारा 12वें दौर की नीलामी के लिए छह भूमिगत कोल ब्लॉक्स को सूचीबद्ध किया गया था। छह में केवल दो कोल ब्लॉक रजगामार डिपसाइड देवनारा एवं रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह के लिए 14 बोलियां मिलीं हैं। 8 कंपनियों ने बोलियां जमा की है। दोनों भूमिगत कोल ब्लॉक छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है।

रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। पूर्व में इस खदान को एपीआई इस्पात एंड पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा सीजी स्पंज मैन्यूफैक्चर्स कंसोर्टियम कोलफील्ड्स लिमिटेड को आबंटित किया गया था। इसी तरह रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह नाला में 61.697 मिलियन टन कोयला भंडार है। इस कोल ब्लॉक क्षेत्र में 89 फीसदी जंगल है। पूर्व में मोनेट इस्पात एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एवं टॉपवर्थ स्टील प्राइवेट लिमिटेड को आबंटित किया गया था। दोनों खदानों की आबंटित कंपनियों के कोयला घोटाले में नाम आने के बाद आबंटन निरस्त कर दिया गया था। अब एक बार फिर से दोनों कोयला खदानों को नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए रखा गया है। बोली लगाने वाली कंपनियों में गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड, दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड, पीएमसी मिनरल रिर्सोसेस प्राइवेट लिमिटेड, सिंघल स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड, एनआरएसकेएस माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड, श्याम ओर्स प्राइवेट लिमिटेड झारखंड, मिवार्ण स्टील लिमिटेड, श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड शामिल हैं।

## एल्यूमिना लेकर बालको जा रही मालगाड़ी क्रासिंग पर थमी, परेशानी

### टीपी नगर चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने संभाला मोर्चा



**कोरबा।** एक दिन पहले शारदाविहार क्रासिंग पर डीएसपीएम की मालगाड़ी दो घंटे तक फंसी रही। वहीं आज ट्रांसपोर्ट नगर क्रासिंग पर बालको की मालगाड़ी क्या फंसी, आवागमन पर इसका व्यापक असर हुआ। मुख्यरूप से रिकांडों बायपास, मुड़ापार मुख्यमार्ग और शारदा विहार से होकर पीएचरोड वाले हिस्से में आवागमन का दबाव बड़ गया। बताया गया कि भारत एल्युमिनियम प्लांट के लिए एल्युमिना पाउडर लेकर एक गुड्स ट्रेन बालको नगर जा रही थी। इसमें 60 से अधिक वैगन शामिल थे। इस तरह से मालगाड़ी पर्याप्त लोडेट थी। पहले की तरह शारदाविहार क्रासिंग से ट्रांसपोर्ट नगर क्रासिंग के बीच ग्रेडिएशन की स्थिति के कारण गाड़ियों की स्पीड बन नहीं पाती और ये उतना प्रेशर नहीं ले पाती, जो अपेक्षित होता है। बताया गया कि दो महीने पहले इसी स्थान पर एक मालगाड़ी के बेपटरी होने के कारण ट्रैक में गड़बड़ी आयी। हालांकि उसे तकनीकि रूप से संभाल लिया। इसके बावजूद अभी भी प्लांटों की तरफ जाने वाली गाड़िया इस प्वांइट पर आते-आते न केवल बाधित होती है बल्कि ट्रांसपोर्ट नगर क्रासिंग पहुंचने तक उनके पहिए थम जाते हैं। आज सुबह 10 बजे से दोपहर तक बालको की मालगाड़ी के यहां थम जाने से दूसरे रास्तों पर चक्काजाम जैसी स्थिति बन गई। इस चक्कर में लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। प्रभावित क्षेत्र के साथ-साथ ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों को स्थिति नियंत्रित करने के लिए इन कारणों से जमकर मशक्कत करनी पड़ी। दूसरी ओर लोगों ने जाम की समस्या पर भड़ास निकाली।

## 40 वर्ष बाद मिले पूर्व छात्र समारोह में, खुश हुए प्रगति से



**कोरबा।** बालको देश की शान नाम चरितार्थ करने वाले 70 से 90 दशक के युवाओं का जो भारत के विभिन्न शहरों मे अपनी रहते हुये देश के विकास के लिये अपना योगदान दे रहे हैं।कोई इंजीनियर तो कोई डाक्टर तो कोई उद्योगपति, वकील, शिक्षक, व्यवसायी, शासकीय कर्मचारी, अधिकारी आदि हैं पर इस मिलन समारोह मे सिर्फ बालमित्र थे।

बालको नगर के साई मंगलम भवन में 14 एवं 15 जून को मित्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे उक्त तीस वर्षों के बीच बचपन में एक साथ पढ़े-लिखे और खेले दोस्तों 40 वर्षों के बाद एक-दूसरे से मिलने का अवसर मिला। जो आज 55 से ज्यादा उम्र के हो गये है। लेकिन इस मिलन समारोह में सब दोस्तों ने वहीं 40 वर्ष पहले के अपने बचपन को याद किया और उस गुजरे दिनों की आप-बीती सुनाई। सभी मित्र वर्तमान में महाराष्ट्र, दिल्ली, एम.पी, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, नागपुर, इन्दौर, कोलकाता और छत्तीसगढ़ के विभिन जिलों में निवासरत है।

प्रथम् दिवस बालको साईं मंगलम और दूसरे दिन 15 जून रविवार को कोरबा को सतरेंगा पर्यटन स्थल के हसीन वादियों एवं बोटिंग, गेमिंग आदि का आनंद भी लिया और शाम को सभी दोस्त अपने-अपने निवास स्थल /शहर के लिए एक नयी ऊर्जा लेकर और पुनः मिलने की उम्मीद के साथ रवाना हो गये।

## असाधारण समर्पण और निष्ठा के लिए विकास सम्मानित

### कई दशक बाद मेहरबान हुआ दीपका प्रबंधन



**कोरबा।** दीपका विस्तार परियोजना के भूमि अधिग्रहण कार्य में असाधारण समर्पण और निरंतर प्रयासों के लिए विकास दुबे, महाप्रबंधक (कार्मिक/भूमि एवं राजस्व), केसीसीएल (आउटसोर्सिंग कंपनी), को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की ओर से सराहनीय सेवा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। दीपका सीजीएम ने प्रमाण पत्र सौंपा।

यह सम्मान पत्र उन कर्मचारियों को भी प्रदान किया गया, जिन्होंने परियोजना को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री दुबे द्वारा भूमि अधिग्रहण जैसे जटिल कार्यों को जिस निष्ठा, साहस और ऊर्जा के साथ संपन्न किया गया, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उनके नेतृत्व में इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जिससे दीपका परियोजना को नई दिशा मिली। प्रबंधन ने कहा कि विकास ने अपने कार्यों के साथ-साथ असाधारण समर्पण, निरंतर प्रयास, अद्वितीय योगदान का प्रदर्शन किया। दीपका परियोजना के मामले में यह ऐतिहासिक घटना है जिसमें आउट सोर्सिंग कंपनी के नेतृत्व पर भारी मेहरबानी की गई है।

## बाबला की पहली मूवी 20 को होगी रिलीज



**कोरबा।** प्रादेशिक फिल्मों की संभावनाएं छत्तीसगढ़ में बढ़ रही है इसलिए संगीतकार बबला बागची ने पहली बार अपने निर्देशन में एक फिल्म बनाई है- संगी रे लहुट के आजा। बागची इससे पहले एक फिल्म में संगीत दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि 20 जून को यह मूवी प्रदेश में रिलीज होगी। स्थानीय प्रेस क्लब में उन्होंने आज पत्रकारों से बातचीत की और बताया कि संगीत-प्रधान फिल्म की कहानी दो गायकों के प्यार, उनके सपनों और संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमती है। डायरेक्टर सतीश जैन इस फिल्म में दमदार अभिनय करते दिखाई देंगे। फिल्म में मुख्य भूमिका में नवोदित कलाकार प्रतीक के साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सिल्की गुहा नजर आएंगी। प्रतीक इस फिल्म से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत कर रहे हैं। बागची का मानना है कि यह फिल्म प्रतीक के करियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। मुख्य जोड़ी के अलावा, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरस्टार प्रकाश अवस्थी, सतीश जैन, सिंखा चितांबरे, पुष्पेंद्र सिंह, योगेश अग्रवाल, सतीश जैन, सिग्मा उपाध्याय, हेमलाल कौशल और धर्मेंद्र अहिरवार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

## चुंबकीय प्रभाव से सैलानियों को आकर्षित कर रहा है पोरिया वॉटरफॉल

### कोलाहल से दूर यह जगह शांति का एहसास कराने वाली

**कोरबा।** यहां से 77 किलोमीटर की दूरी पर, पोरिया गांव में स्थित यह झरना, प्रकृति प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग है। कोरबा से अपनी यात्रा शुरू करें और कोरकोमा, बताती, मदनपुर और कोलगा के रास्ते घने जंगलों और खूबसूरत गांवों को पार करते हुए पोरिया पहुंचें।

पोरिया वॉटरफॉल 150 फीट की ऊंचाई से गिरते पानी को देखकर आप मोहित हो जाएंगे।अभी तक यह झरना ज्यादा लोगों की नज़रों में नहीं आया है, जिसके कारण यहां जंगल की हरी-भरी वादियों में आपको शांति और सुकून मिलेगा।पोरिया वॉटरफॉल कोरबा और रायगढ़ जिले की सीमा रेखा पर स्थित है। झरने का ऊपरी हिस्सा रायगढ़ जिले में है, जबकि नीचे गिरता हुआ पानी कोरबा जिले में प्रवेश करता है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ से इस झरने की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है।



कोलाहल से दूर पोरिया वॉटरफॉल एक ऐसा स्थान है जहाँ आप प्रकृति के काफी नजदीक अपने आपको पा सकते हैं। यहां की हरियालियों और सुंदरता आपको शांति का एहसास कराएगी। अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं और भीड़-भाड़ से दूर किसी शांत जगह की तलाश में हैं, तो पोरिया वॉटरफॉल आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प है.कोरबा आएं और इस छिपे हुए झरने की खूबसूरती का अनुभव करें।

## भुनेश्वरी बनी जिला महामंत्री



**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अनुशंसा पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर की सहमति से राज्यसभा सांसद व प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने भुनेश्वरी दास को जिला ग्रामीण कांग्रेस की महामंत्री नियुक्त की है। भुनेश्वरी देवी इससे पहले कई पदों पर रह चुकी हैं। उनकी नियुक्ति पर ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर, दिलीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि कृष्णा दास नवलकिशोर पंडित, परमानंद सिंह, अजय प्रसाद, संजय आजाद, फिरोज अनंत ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## डेढ़ हजार लीटर शराब कल होगी नष्ट

**कटघोरा।** विभिन्न मामलों में पुलिस द्वारा जप्त की गई अवैध देशी और कच्ची शराब की बड़ी मात्रा को नष्ट करने की प्रक्रिया 20 जून को पुलिस लाईन में संपन्न हुई। कटघोरा टीआई डीएन तिवारी ने बताया कि यह शराब डेढ़ हजार लीटर से ज्यादा है। पिछले दिनों अलग-अलग स्थान पर की गई कार्यवाही के दौरान जप्त किया गया। नियमों के अनुसार इसके विनिष्टीकरण की प्रक्रिया की जानी है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com